## 2024

**1. नागरिक मुद्दों की सूचना देने के लिए और सरकार द्वारा इन्हें विश्लेषित, ट्रैक, प्रबन्धित और सुलझाने हेतु हाल ही में जयपुर नगर निगम, हैरिटेज द्वारा किस एप का शुभारंभ किया गया है?**

(1) जयपुर 315
(2) जयपुर 300
(3) जयपुर 301
(4) जयपुर 311
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**

- जयपुर नगर निगम, हैरिटेज द्वारा नागरिक मुद्दों की सूचना देने और सरकार द्वारा उन्हें ट्रैक, प्रबन्धित तथा सुलझाने हेतु हाल ही में जयपुर 311 ऐप का शुभारंभ किया गया है।

**जयपुर 311 एप**

- उद्देश्य: यह एक एकीकृत शिकायत निवारण मंच है, जो नागरिकों को सीधे निगम से जुड़ने और शहर से संबंधित समस्याओं (जैसे सफाई, टूटी सड़कें, प्रकाश व्यवस्था, अतिक्रमण आदि) की शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है।
- कार्यप्रणाली: यह मोबाइल एप्लीकेशन और वेब पोर्टल दोनों के रूप में कार्य करता है, जिससे शिकायतों को ट्रैक करना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना संभव होता है।

**2. राजस्थान एमएसएमई नीति 2024 निम्नलिखित में से किस दिनांक तक लागू रहेगी?**

(1) 31 मार्च, 2031 (2) 31 मार्च, 2028
(3) 31 मार्च, 2030 (4) 31 मार्च, 2029
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान एमएसएमई नीति 2024 राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के समग्र विकास और उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए शुरू की गई है।
- इस नीति को राज्य मंत्रिमंडल ने नवंबर, 2024 में मंजूरी दी थी और यह 8 दिसंबर, 2024 से प्रभावी होकर 31 मार्च, 2029 तक लागू रहेगी।

**3. राजस्थान विधान सभा उप-चुनाव 2024 के लिए निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(1) सेवा नियोजित मतदाताओं के लिए सर्वाधिक मतपत्र खींवसर विधान सभा क्षेत्र में जारी हुए।
(2) उप-चुनाव में न्यूनतम मतदान (प्रतिशत में) दौसा में हुआ।
(3) 7 में से 3 विधान सभा क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा।
(4) होम वोटिंग के जरिए 3127 मतदाताओं ने मतदान किया।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- सेवा नियोजित मतदाताओं के लिए सर्वाधिक मतपत्र खींवसर विधान सभा क्षेत्र में जारी नहीं हुए थे।

**4. गुरु घासीदास - तमोर पिंगला टाइगर रिज़र्व के लिए सही कथन चुनिए।**

(1) यह देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिज़र्व बना है।
(2) यह मध्यप्रदेश में स्थित है।
(3) नवम्बर 2024 में इसे भारत का 54वाँ टाइगर रिज़र्व अधिसूचित किया गया है।
(4) यह 1829 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिज़र्व छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित वन्यजीव अभयारण्य है।
- भारत का 56वाँ और क्षेत्रफल की दृष्टि से तीसरा सबसे बड़ा बाघ अभयारण्य घोषित किया गया है।
- यह छत्तीसगढ़ के उत्तरी भाग तथा यह मध्य प्रदेश और झारखंड की सीमा के पास स्थित है।
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) ने अक्टूबर, 2021 में छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसके बाद इसे एक टाइगर रिज़र्व के रूप में अधिसूचित किया गया।
- यह लगभग 2,829 वर्ग किलोमीटर के विशाल क्षेत्र को कवर करता है।

**5. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 2024 में निम्नलिखित में से किस संस्थान को आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स और प्रतिस्पर्धा पर बाज़ार अध्ययन हेतु नियुक्त किया हैं ?**

(1) आईआईएम, इन्दौर
(2) इण्डियन स्कूल ऑफ बिजनेस
(3) मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इन्स्टीट्यूट सोसायटी
(4) इन्स्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेन्ट, आनंद
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स (AI) और प्रतिस्पर्धा पर व्यापक बाजार अध्ययन (Market Study) करने के लिए मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इन्स्टीट्यूट सोसायटी (MDIS), गुरुग्राम को नियुक्त किया है। इस संबंध में CCI और MDIS के बीच समझौता सितंबर, 2024 में हस्ताक्षरित किया गया था।

**6. दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 के संदर्भ में कॉलम - I तथा II को सुमेलित कीजिए :**

| **कॉलम-I (सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन)** | | **कॉलम-II (उत्कृष्ट कार्य का क्षेत्र)** | |
|---|---|---|---|
| (A) | अनन्या बिजेश | (i) | कला और संस्कृति |
| (B) | प्रतीक खण्डेलवाल | (ii) | संगीत |
| (C) | प्रियंका दीपक दबडे | (iii) | सुगम्यता |

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) |
|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) |



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(4) (iii) (i) (ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार 2024**

**प्रतीक खंडेलवाल**

- वह 'रैंप माई सिटी' (Ramp My City) पहल के संस्थापक हैं।
- **उद्देश्य:** 'रैंप माई सिटी' का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों, निजी भवनों, दुकानों और अन्य बुनियादी ढाँचे को रैंप और अन्य सुगम्यता सुविधाओं से लैस करना है, ताकि व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं और अन्य लोकोमोटर दिव्यांगता वाले लोगों के लिए आवागमन आसान हो सके।

**अनन्या बिजेश**

- अनन्या बिजेश केरल के तिरुवनंतपुरम की रहने वाली एक 18 वर्षीय कलाकार हैं, जो 80% ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित हैं।
- उन्हें संगीत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए "राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन पुरस्कार-2024" से सम्मानित किया गया था। उन्हें यह पुरस्कार भारत की माननीय राष्ट्रपति से प्राप्त हुआ।

**प्रियंका दीपक दबडे**

- प्रियंका दीपक दबडे सुनने में एक अक्षम (deaf) कलाकार हैं, जिन्होंने कला, संस्कृति और शिक्षा में अपनी असाधारण उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है।
- योगदान का क्षेत्र: उन्हें कला, प्रदर्शन या किसी अन्य क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया गया है।

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन राष्ट्रीय पुरस्कार 2025**

1. अबोली विजय जरित
2. मेघा पतंगी
3. भाग्यश्री मनोहर नादीमेतला
4. बसंत विकास साहू
5. लेफ्टिनेंट कर्नल द्वारकेश चंद्रशेखरन
6. राजेश शरद केतकर

**7. हाल ही में भारत सरकार ने कुछ भाषाओं को शास्त्रीय भाषाओं की सूची में शामिल करने का अनुमोदन किया है। अब कुल कितनी भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा हासिल है ?**

(1) 11 (2) 6
(3) 8 (4) 10
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- भारत सरकार द्वारा पाँच नई भाषाओं - मराठी, पालि, प्राकृत, असमिया और बंगाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के बाद अब कुल **11 भाषाओं** को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त है।
- **पहले से शास्त्रीय भाषाओं की सूची में शामिल भाषाएँ हैं–**
  - तमिल (2004) — संस्कृत (2005)
  - कन्नड़ (2008) — तेलुगु (2008)
  - मलयालम (2013) — उड़िया (2014)

**8. हाल ही में यामांडू ओरसी किस देश के राष्ट्रपति चुने गए हैं?**

(1) गुयाना (2) पैराग्वे
(3) उरुग्वे (4) बेनेजुएला
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**

- यामांडू **ओरसी** को उरुग्वे के **राष्ट्रपति** के रूप में चुना गया है। ये वामपंथी ब्रॉड फ्रंट गठबंधन के उम्मीदवार थे।

**9. फरवरी 2025 में समुद्री केबल प्रतिरोधक क्षमता शिखर सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया जाएगा?**

(1) अर्मेनिया
(2) स्विट्जरलैण्ड
(3) नाइजीरिया
(4) फ्रांस
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**

- फरवरी, 2025 में अंतर्राष्ट्रीय सबमरीन केबल रेजिलिएंस शिखर सम्मेलन नाइजीरिया के अबूजा शहर में 26-27 फरवरी, 2025 को आयोजित किया गया था।
- इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य पनडुब्बी केबल नेटवर्क की सुरक्षा और स्थिरता पर चर्चा करना था ताकि वैश्विक इंटरनेट और डेटा कनेक्टिविटी को सुरक्षित रखा जा सके।

**10. दक्षिण कोरिया के उस लेखक का नाम बताइये जिसने 2024 में साहित्य का नोबल पुरस्कार जीता है?**

(1) हान कांग (2) निहोन हिडांक्यो
(3) डेविड बैकर (4) एनी एरनॉक्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- 2024 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार दक्षिण कोरिया की लेखिका हान कांग को दिया गया है।
- उन्हें उनके "गहन काव्यात्मक गद्य के लिए" यह पुरस्कार मिला है, जो ऐतिहासिक आघातों का सामना करता है और मानव जीवन की नाज़ुकता को उजागर करता है।

**11. हाल ही में हान्ले, लद्दाख में उद्घाटित की गयी एशिया की सबसे बड़ी और विश्व की सबसे ऊँची चेरनकोव वेधशाला से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

I. इसका उद्घाटन परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष अजीत कुमार मोहन्ती द्वारा किया गया।
II. यह 5100 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।
III. इस दूरबीन का निर्माण, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र ने इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं अन्य उद्योग भागीदारों के सहयोग से किया है।

**नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

(1) केवल II एवं III सही हैं। (2) केवल I एवं II सही हैं।
(3) I, II एवं III सही हैं। (4) केवल I एवं III सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- हान्ले, लद्दाख में एशिया की सबसे बड़ी और दुनिया की सबसे ऊँची मेजर एटमॉस्फेरिक चेरेनकोव एक्सपेरिमेंट (MACE) वेधशाला का उद्घाटन 4 अक्टूबर, 2024 को परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव और परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार मोहंती द्वारा किया गया।
- 4,300 मीटर की ऊँचाई पर स्थित यह वेधशाला ब्रह्मांडीय घटनाओं का अध्ययन करने के लिए बनाई गई है।
- इस वेधशाला को भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) और अन्य औद्योगिक भागीदारों के सहयोग से स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

**12. निम्नलिखित में से किस भारतीय ने श्री अत्सुशी मिमुरा के साथ, सितम्बर, 2024 में टोक्यो में आयोजित दूसरे भारत-जापान वित्त संवाद में सह- अध्यक्षता करी?**

(1) विक्रम मिसरी (2) तुहीनकांत पाण्डे
(3) दम्मु रवि (4) अजय सेठ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**
- श्री अजय सेठ, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव ने सितंबर 2024 में टोक्यो में आयोजित दूसरे भारत-जापान वित्त संवाद में श्री अत्सुशी मिमुरा के साथ सह-अध्यक्षता की थी।
- अजय सेठ, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव।
- श्री अत्सुशी मिमुरा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के वित्त उप मंत्री।

**13. भारतीय सेना और कंबोडियाई सेना के बीच संयुक्त टेबल टॉप अभ्यास (सिनबैक्स) का पहला संस्करण कहाँ आयोजित हुआ?**

(1) भुवनेश्वर (2) मुम्बई
(3) पुणे (4) जोधपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**
- भारतीय सेना और कंबोडियाई सेना के बीच संयुक्त टेबल टॉप अभ्यास (सिनबैक्स) का पहला संस्करण पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित हुआ था।
- यह अभ्यास पुणे के विदेशी प्रशिक्षण नोड में 1 से 8 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया गया था।

**14. 8 दिसम्बर, 2024 को भारत-नोर्वे गोलमेज सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया ?**

(1) मुम्बई (2) जयपुर
(3) नई दिल्ली (4) चेन्नई
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**
- 8 दिसंबर, 2024 को भारत-नॉर्वे व्यापार गोलमेज सम्मेलन मुंबई में आयोजित किया गया था।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत और नॉर्वे के बीच द्विपक्षीय व्यापार और व्यावसायिक संबंधों को मजबूत करना था, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और स्थिरता जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया था।
- **प्रमुख बिंदु:** नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्थिरता और हाल ही में हस्ताक्षरित भारत-ईएफटीए मुक्त व्यापार समझौता।

**15. हाल ही में किस संस्थान ने एक अपग्रेडेड मोबाइल एप "सुविधा 2.0" को प्रारंभ किया है?**

(1) आयुष मंत्रालय
(2) भारतीय चुनाव आयोग
(3) भारत का उच्चतम न्यायालय
(4) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**
- चुनाव आयोग ने अपग्रेडेड सुविधा 2.0 मोबाइल ऐप लॉन्च किया जिससे उपयोगकर्ता मोबाइल एक्सेस के माध्यम से अनुमति के लिए आवेदन कर सकते हैं, स्थिति ट्रैक कर सकते हैं और अनुमोदन डाउनलोड करने की सुविधा देता है।
- ऐप का मुख्य उद्देश्य चुनाव अभियान की अनुमति प्रक्रिया को अधिक सुलभ और कुशल बनाना है।

**16. नवम्बर 2024 में पुणे में आयोजित 5वीं राष्ट्रीय पैरा शूटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान ने कितने स्वर्ण तथा कांस्य पदक जीते हैं?**

(1) 11 स्वर्ण एवं 16 कांस्य (2) 16 स्वर्ण एवं 11 कांस्य
(3) 11 स्वर्ण एवं 7 कांस्य (4) 16 स्वर्ण एवं 7 कांस्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**
- नवंबर, 2024 में पुणे में आयोजित 5वीं राष्ट्रीय पैरा शूटिंग चैम्पियनशिप में, राजस्थान ने 16 स्वर्ण पदक और 7 कांस्य पदक जीते।
- राजस्थान ने कुल 34 पदक जीते और पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था।

**17. विश्व कैडेट अण्डर-8 प्रतियोगिता 2024 के विजेता 'दिविथ रैड्डी अड्डूला' किस खेल से संबंधित हैं ?**

(1) जिम्नास्टिक्स (2) तैराकी
(3) शतरंज (4) टेबिल टेनिस
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**
- विश्व कैडेट अंडर-8 प्रतियोगिता 2024 के विजेता 'दिविथ रेड्डी अडूला' शतरंज (Chess) खेल से संबंधित हैं।
- उन्होंने इटली में आयोजित अंडर-8 विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

**18. खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की मेजबानी निम्नांकित में से कौन सा राज्य करेगा?**

(1) मध्यप्रदेश (2) राजस्थान
(3) बिहार (4) तमिलनाडु
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**
- खेलो इंडिया भारत सरकार द्वारा 2018 में शुरू किया गया एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य देश में खेल प्रतिभाओं की



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

पहचान करना, जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना और खेल के बुनियादी ढाँचे को विकसित करना है।

- यह पहल भारत में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2018 में दिल्ली में आयोजित किए गए थे।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बिहार में आयोजित किए गए।
- यह प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता 4 मई से 15 मई, 2025 तक चली।

**19. 2024 आई.एस.एस.एफ. (अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल संघ) विश्व कप निशानेबाजी में भारत ने कितने पदक जीते हैं?**

(1) 5 (2) 2
(3) 3 (4) 4
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**व्याख्या:-**

**नोट:- आयोग द्वारा इस प्रश्न को निरस्त कर दिया गया।**

- ISSF वर्ल्ड कप-2024 (अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल संघ) विश्व कप में भारत ने कुल 6 पदक जीते, जिनमें 2 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य शामिल हैं।
- **इनमें प्रमुख पदक विजेता हैं:–**

– दिव्यांश सिंह पंवार (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल) – स्वर्ण पदक
– रिदम सांगवान/उज्जवल मलिक (10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम) – स्वर्ण पदक
– सोनम उत्तम मास्कर (महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल) – रजत पदक
– अर्जुन बबूता/सोनम उत्तम मास्कर (10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम) – रजत पदक
– अनुराधा देवी (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल) – रजत पदक
– अखिल शेरोन (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन) – कांस्य पदक।

**20. 38वें नेशनल गेम्स 2025 के लिए निम्न कथनों 'पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनिए :**
**कथन (A) इसकी मेजबानी उत्तराखंड करेगा।**
**कथन (B): नेशनल गेम्स में 28 खेल प्रतियोगिताएँ एवं 4 प्रदर्शन स्पर्धाएँ सम्मिलित होंगी।**

(1) कथन (A) व (B) दोनों सही नहीं हैं।
(2) (A) व (B) दोनों कथन सही हैं।
(3) केवल कथन (A) सही है।
(4) केवल कथन (B) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**

**38वें राष्ट्रीय खेल 2025 (38th National Games 2025)**

- मेजबान राज्य– उत्तराखंड।
- आयोजन की अवधि– 28 जनवरी से 14 फरवरी, 2025
- उद्घाटनकर्ता- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (देहरादून में)।
- समापनकर्ता- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह (हल्द्वानी में)।
- मुख्य केंद्र- देहरादून (मुख्य आयोजन स्थल), हरिद्वार, हल्द्वानी, रुद्रपुर आदि विभिन्न शहर।
- शुभंकर (Mascot)– मौली (Mauli), जो उत्तराखंड के राज्य पक्षी मोनाल से प्रेरित था।
- थीम - 'हरित खेल' (Green Games)
- कुल टीमें– 37 (राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड सहित)
- कुल खेल- इसमें 32 प्रतिस्पर्धी खेल और 3 प्रदर्शन खेल (Demonstration Sports) शामिल थे।
- शीर्ष स्थान– सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (SSCB) ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- अगला संस्करण- 39वाँ राष्ट्रीय खेल 2027 की मेजबानी मेघालय करेगा।

**21. विश्व खुशहाली रिपोर्ट -2024 के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये :**
**A. भारत का स्थान 140 से अधिक देशों में 126 था, जो कि इसके पड़ोसी देशों चीन, नेपाल, पाकिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका और बांग्लादेश से भी निम्न है।**
**B. पिछले कुल वर्षों में भारत के स्थान में कुछ विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है, यह बताता है कि जनसंख्या के कल्याण और खुशी में सुधार के लिये सीमित प्रगति ही हुई है।**
**निम्न कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चुनाव कीजिये :**

(1) ना तो A और ना ही B (2) केवल A
(3) केवल B (4) A और B दोनों
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**

- **विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024** में, 143 देशों की सूची में भारत का स्थान 126वाँ था।
- पड़ोसी देश: भारत का स्थान अधिकांश पड़ोसी देशों से निम्न था–
  - चीन: 60
  - नेपाल: 93
  - पाकिस्तान: 108
  - म्यांमार: 118
  - श्रीलंका: 128 (भारत से निम्न)
  - बांग्लादेश: 129 (भारत से निम्न)
- भारत की रैंक पिछले कुछ वर्षों में 126-140 के बीच रही है (2023 में 126, 2022 में 136, 2021 में 139), जो लगातार निम्न बनी हुई है।
- 2023 में भी भारत की रैंक 126 थी। रैंक में यह स्थिरता (या धीमी प्रगति) यह दर्शाती है कि राष्ट्रीय स्तर पर लोगों की आत्म-मूल्यांकन जीवन संतुष्टि (Self-assessed life satisfaction) में कोई विशेष या उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है, जो जनसंख्या के कल्याण और खुशी में सीमित प्रगति को इंगित करता है।



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- विश्व खुशहाली रिपोर्ट, 2026 में भारत की रैंक 116 है कुल 147 देशों में जबकि भारत की रैंक 2025 में 118 थी, फिनलैंड लगातार 9वीं बार सबसे खुशहाल देश रहा।

**22. मार्च 2023 में जन्मी, भारत की प्रथम क्लोनित गाय "गंगा" किस नस्ल की है?**
(1) नागौरी
(2) साहिवाल
(3) गिर
(4) थारपारकर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**
- मार्च, 2023 में जन्मी, भारत की प्रथम क्लोनित गाय "गंगा" गिर नस्ल की है।
- गंगा का जन्म हरियाणा में करनाल के राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (NDRI) में हुआ था। गिर नस्ल की यह गाय अपने उच्च दूध उत्पादन और कृषि अनुकूलता के लिए जानी जाती है।
- गिर गाय भारतीय मूल की एक प्रमुख देशी नस्ल है, जिसकी उत्पत्ति गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में हुई है। इस नस्ल की गायें प्रतिदिन 12 से 15 लीटर दूध दे सकती हैं, जबकि कुछ बेहतर नस्लें 40-50 लीटर तक भी दूध देती हैं।
- गिर गाय का दूध A2 प्रकार का होता है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहतर माना जाता है। इसके अलावा, गिर नस्ल की गायों में विभिन्न जलवायु और कठोर परिस्थितियों के लिए अच्छी अनुकूलता और रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है।

**23. निम्नलिखित में से राजस्थान का कौन-सा गाँव हरित प्रौद्योगिकी के माध्यम से शून्य अपशिष्ट मॉडल बन रहा है?**
(1) आँधी (2) मेनार
(3) देवमाली (4) नौरंगाबाद
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**
- आंधी गाँव जयपुर जिले के जमवारामगढ़ क्षेत्र में स्थित है। यहाँ जैविक अपशिष्ट, कृषि अपशिष्ट, दूषित जल आदि को नवीन हरित प्रौद्योगिकी के माध्यम से संसाधित करके शून्य-अपशिष्ट मॉडल तैयार किया जा रहा है। इसमें बायो-मीथनेशन संयंत्र, वर्मीफिल्ट्रेशन तकनीक और आर्द्रभूमि (wetland) स्थापित किए गए हैं।

## 2023

**24. राजस्थान में विधानसभा द्वारा 2023 में पारित एक विधेयक द्वारा दूसरा राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय कहाँ स्थापित किया जाएगा?**
(1) गंगानगर में (2) जोबनेर में
(3) अजमेर में (4) जोधपुर में
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**
- 2023 में राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय जोबनेर में स्थापित करने की घोषणा की गई।
- मई, 2010 में प्रथम पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान (वेटेनरी) विश्वविद्यालय बीकानेर में स्थापित किया गया था।

**25. राजस्थान के वन, पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा हाल ही में जारी की गयी एक अधिसूचना के अनुसार राज्य में कुल कितने वेट-लैण्ड हैं?**
(1) 50 (2) 44
(3) 38 (4) 30
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**
- राजस्थान में कुल 44 वेटलैंड (आर्द्रभूमि) हैं।
- राजस्थान में वर्तमान में कुल 76 वेटलैंड (28 फरवरी, 2024 तक) (आर्द्रभूमि) हैं।
- सबसे ज्यादा 12 वेटलैंड बाराँ और 11 वेटलैंड उदयपुर जिले में हैं।
- वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से 19 जिलों के इन 44 वेटलैंड्स की अधिसूचित सूची जारी की गई है।

**26. राजस्थान मे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑफ थिंग्स इनोवेशन हब की स्थापना कहाँ की जाएगी?**
(1) कोटा (2) बीकानेर
(3) जोधपुर (4) जयपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**
- सिटी इनोवेशन कलस्टर के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑफ थिंग्स इनोवेशन हब (ए.आई.ओ.टी) जोधपुर में स्थापित होगा। इनोवेशन हब के तहत राज्य सरकार एम.एस.एम.ई, उद्यमी छात्रों एवं स्टार्टअप्स को अनुसंधान, प्रोटोटाइप विकास, इन्क्यूबेशनऔर उत्पादों के लिए हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

**27. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने राजस्थान में पाँचवें बाघ अभयारण्य का दर्जा निम्न में से किस अभयारण्य को प्रदान किया है?**
(1) सोरसन-बैनार्न अभयारण्य
(2) हमीरगढ़-भीलवाड़ा अभयारण्य
(3) धौलपुर-करौली अभयारण्य
(4) नागपहाड़-अजमेर अभयारण्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने राजस्थान में धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व की स्थापना कर रही है।
- यह मुकुंदरा हिल्स, रामगढ़ विषधारी, रणथंभौर और सरिस्का के बाद राजस्थान में पाँचवाँ बाघ अभयारण्य है।
- यह भारत का 54वाँ टाइगर रिजर्व है।

**28. हाल ही में भारत के पहले 3D प्रिंटेड डाकघर का उदघाटन निम्न में से किस शहर मे किया गया है?**
(1) बेंगलुरु (2) कोलकाता
(3) नई दिल्ली (4) मुंबई
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

**व्याख्या:-**

- भारत का पहला 3डी-प्रिंटेड डाकघर अगस्त, 2023 में बेंगलुरु के कैम्ब्रिज लेआउट में राष्ट्र को समर्पित किया गया। इसका निर्माण आई.आई.टी मद्रास के तकनीकी सहयोग से लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड द्वारा किया गया था।

**29. हाल ही में किस संस्था ने केंद्रीकृत वेब पोर्टल "UDGAM" लाँच किया?**

(1) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
(2) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(3) भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन
(4) भारतीय रिजर्व बैंक
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय रिजर्व बैंक ने उद्गम (UDGAM) नाम से सेंट्रलाइज्ड वेब पोर्टल लॉन्च किया है।
- UDGAM का पूर्ण रूप है- Unclaimed Deposits - Gateway to Access information.
- इसकी मदद से कोई भी व्यक्ति बैंकों में अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स का पता लगा सकता है। RBI की यह अपनी तरह की पहली पहल है।

**30. निम्नलिखित कथनों पर ध्यानपूर्वक विचार कीजिये।**

**कथन 1 : टाइम पत्रिका के अनुसार, एस. एस राजमौली को 2023 के शीर्ष 'पायनियर्स' में नामित किया गया है और शाहरुख खान को 2023 के शीर्ष 'आइकन्स' में नामित किया गया है।**

**कथन 2: टाइम पत्रिका की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची को 6 प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है: लीडर, टाइटन, पायनियर, आर्टिस्ट, आइकन और** इनोवेटर।

**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिये:**

(1) कथन 1 व कथन 2 दोनों सत्य हैं।
(2) कथन 1 व कथन 2 दोनों असत्य हैं।
(3) केवल कथन 2 सत्य है।
(4) केवल कथन 1 सत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- टाइम मैगजीन की 2023 की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में आरआरआर और बाहुबली के निर्देशक एसएस राजामौली ने शाहरुख खान के साथ जगह बनाई है।
- टाइम पत्रिका की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची को 6 प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है: लीडर, टाइटन, पायनियर, आर्टिस्ट, आइकन और इनोवेटर।

**31. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने 78वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में सेवा देने के लिए हाल ही में डेनिस फांसिस को चुना है वह निम्न में से किस देश के हैं?**

(1) युगांडा (2) ब्राजील
(3) चिली (4) त्रिनिडाड एवं टोबोगो
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**

- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने 78वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में सेवा देने के लिए हाल ही में डेनिस फांसिस को चुना है। उनका संबंध त्रिनिडाड एवं टोबोगो से है।

**32. जुलाई, 2023 में सीकर, राजस्थान में भारत के प्रधानमंत्री ने यूरिया की एक नयी किस्म को लॉन्च किया है। यूरिया की इस नयी किस्म का नाम क्या है?**

(1) यूरिया सिल्वर (2) यूरिया गोल्ड
(3) यूरिया प्लैटिनम (4) यूरिया डायमंड
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**

- प्रधानमंत्री द्वारा राजस्थान के सीकर जिले से 27 जुलाई, 2023 को यूरिया गोल्ड (यूरिया की नई किस्म) को लॉन्च किया गया। इसके उपयोग से भारतीय मृदा में सल्फर की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी व नाइट्रोजन उपयोग दक्षता (NUE) में वृद्धि होगी।
- यूरिया गोल्ड को भारत की उर्वरक और रसायन विनिर्माण कंपनी राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (RCF) द्वारा विकसित किया गया।
- यूरिया गोल्ड का निर्माण यूरिया को सल्फर के साथ मिलाकर 37% नाइट्रोजन और 17% सल्फर के साथ एक मिश्रित उर्वरक बनाकर किया जाता है।

**33. आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के व्यावहारिक उपयोग की पहचान के लिए 'ए आई फॉर गुड ग्लोबल समिट-2023' हाल ही में किस देश में आयोजित की गयी?**

(1) स्विट्ज़रलैंड (2) जापान
(3) चीन (4) संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- 6-7 जुलाई, 2023 को ए.आई फॉर गुड ग्लोबल शिखर सम्मेलन को जिनेवा, स्विट्जरलैंड में आयोजित किया गया।

**34. निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व को राजस्थानी भाषा के साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2023 के लिए नामित किया गया है?**

(1) देवीलाल महिया (2) डॉ राजकुमार घोटड़
(3) बद्री नारायण (4) अतुल चतुर्वेदी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- बीकानेर के खारी निवासी कवि देवीलाल महिया को केंद्रीय साहित्य अकादमी दिल्ली की ओर से राजस्थानी भाषा का साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2023 के लिए नामित किया गया है।
- सोनाली सुथार को वर्ष 2024 में इनकी कविता 'सुध सोधुन जग अंगने' के लिए राजस्थानी भाषा साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2024 प्रदान किया गया।
- पूनमचंद गोदारा को वर्ष 2025 में इनकी कविता 'अंतस रै आंगणै' के लिए राजस्थानी भाषा साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2025 प्रदान किया गया।

**35. भारत के पहले खुले संग्रहालय 'शहीदी पार्क' का हाल ही में किस शहर में उद्घाटन किया गया है?**

(1) श्रीनगर (2) प्रयागराज
(3) दिल्ली (4) चंडीगढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**

- भारत के पहले खुले संग्रहालय 'शहीदी पार्क' का उद्घाटन दिल्ली के आईटीओ में किया गया है। इस पार्क की स्थापना में लगभग 250 टन स्क्रैप का उपयोग किया गया है।

**36. हाल ही में इक्वाडोर वासियों ने अमेजन के निम्न में से किस जैव- विविधता वाले क्षेत्र में जनमत संग्रह द्वारा तेल की ड्रिल्लिंग को अस्वीकार कर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है?**

(1) मनु राष्ट्रीय उद्यान (2) जाउ राष्ट्रीय उद्यान
(3) यासुनी राष्ट्रीय उद्यान (4) तुमुकुमाके राष्ट्रीय उद्यान
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**

- अमेजोनियन इक्वाडोर के भीतर पास्ता और ओरेलाना प्रांतों में नेपो और कुरारे नदियों के बीच लगभग 10,000 किमी. में यासुनी नेशनल पार्क विस्तृत है। यह एक संरक्षित क्षेत्र है।
- यासुनी नेशनल पार्क पृथ्वी पर सबसे जैविक रूप से विविध स्थानों में से एक है।
- यह तीन अद्वितीय क्षेत्रों भूमध्य रेखा, एंडीज पर्वत और अमेज़न वर्षावन के लिए एक अभिसरण (conlergence) बिंदु है।

**37. 'मेरा गाँव मेरी धरोहर' किस मंत्रालय से संबन्धित है?**

(1) केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय
(2) केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय
(3) केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(4) केन्द्रीय रक्षा मंत्रालय
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**

- 'मेरा गाँव मेरी धरोहर' केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय से संबंधित है। यह एक वर्चुअल प्लेटफॉर्म है, जिससे लोगों को भारत के गाँवों से जोड़ा जाएगा।
- इसमें उस गाँव की भौगोलिक स्थिति, जनसांख्यिकीय पहलू और पारंपरिक पोशाक, आभूषण, कला और शिल्प, मंदिर, मेले, त्योहार और अन्य बहुत से विवरण शामिल होंगे।

**38. राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का भारत क्षेत्र का 9वां सम्मेलन निम्न में से किस शहर में आयोजित किया गया था ?**

(1) कोटा (2) उदयपुर
(3) जोधपुर (4) जयपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**

- 21-22 अगस्त, 2023 को उदयपुर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के 9वें सम्मेलन का आयोजन किया गया।

**39. एफ.आई.एस.यू (FISU) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के 2023 की पदक तालिका में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त लिया है?**

(1) 7वाँ (2) 6वाँ
(3) 5वाँ (4) 4वाँ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- एफ.आई.एस.यू (FISU) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के 2023 की पदक तालिका में भारत ने 7वाँ स्थान प्राप्त किया है। भारत ने कुल 26 पदक (11 गोल्ड, 5 सिल्वर, 10 ब्रोनज) हासिल किये।

**40. 12 अगस्त, 2023 को भारत ने हॉकी की चौथी एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी में मलेशिया को अंतिम मैच में हराया। यह मैच किस स्टेडियम में खेला गया था?**

(1) मेयर राधा कृष्णन स्टेडियम
(2) श्री कांतिरावा स्टेडियम
(3) एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम
(4) जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में हुए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के फाइनल में मलेशिया को 4-3 से हराया।

**41. राजेश्वरी कुमारी, जिन्होंने बाकू, अजरबैजान में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में पाँचवाँ स्थान प्राप्त कर पेरिस ओलम्पिक हेतु पात्रता प्राप्त की है, का संबंध किस खेल से है?**

(1) निशानेबाजी (2) तीरंदाजी
(3) लंबी कूद (4) जिम्नास्टिक
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- बाकू वर्ल्ड चैंपियनशिप में पाँचवाँ स्थान हासिल कर भारत की ट्रैप शूटर राजेश्वरी कुमारी ने भारत को पेरिस ओलम्पिक के लिए सातवाँ शूटिंग कोटा दिलाया।

**42. भारत के कमलजीत ने 24 जुलाई, 2023 को ISSF जूनियर शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप-2023 में पुरुषों की व्यक्तिगत 50 मीटर पिस्टल स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता। यह स्पर्द्धा निम्न में से किस देश में आयोजित की गयी थी?**

(1) फ्रांस (2) नेपाल
(3) कनाडा (4) दक्षिण कोरिया
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**

- भारत के कमलजीत ने 24 जुलाई, 2023 को ISSF जूनियर शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 में पुरुषों की व्यक्तिगत 50 मीटर पिस्टल स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- ISSF जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप-2023, 16 से 24 जुलाई तक रिपब्लिक ऑफ कोरिया के चांगवोन शूटिंग रेंज में आयोजित की गई थी।

**43. हाल ही में भारत की सी.ए भवानी देवी ने एशियन फेसिंग चैंपियनशिप में एक कांस्य पदक जीता है। वे सेमीफाइनल में किस देश के खिलाड़ी से हारीं?**

(1) यू.ए.ई (2) मिस्र
(3) उज्बेकिस्तान (4) जापान
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

**व्याख्या:-**

- भारतीय तलवारबाज भवानी देवी को चीन के वुक्सी में महिला सेबर स्पर्द्धा के सेमीफाइनल में उज्जबेकिस्तान की जेनाब डेयिबेकोवा के खिलाफ सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। भवानी देवी को इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। ये देश के लिए अब तक का पहला फेंसिंग चैंपियनशिप मेडल है।

**44. किस भारतीय संस्था को गाँधी शांति पुरस्कार-2021 हेतु चयनित किया गया है?**
(1) गीता प्रेस, गोरखपुर
(2) सुलभ इंटरनेशनल
(3) विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी
(4) रामकृष्ण मिशन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- वर्ष 2021 का गाँधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को प्रदान किया गया है।
- वर्ष 1923 में स्थापित गीता प्रेस विश्व में सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है।
- इसने 14 भाषाओं में 41.7 करोड़ पुस्तकों का प्रकाशन किया है।

## 2021

**45. रूमा देवी के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(1) उन्हें हस्तशिल्प के क्षेत्र में जाना जाता है।
(2) वे जसरापुर (खेतड़ी) गाँव में पली – बढ़ी।
(3) उन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा 2018 में 'नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
(4) उन्होंने हजारों महिलाओं को रोजगार बढ़ावा देने में अहम भागीदारी निभाई। **[2]**

**व्याख्या:-**

- रूमा देवी का जन्म बाड़मेर जिले के रावतसर गाँव में 1988 में हुआ।
- विश्व महिला दिवस, 2018 में राष्ट्रपति के हाथों नारी शक्ति अवॉर्ड दिया गया।
- बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर के 75 गाँवों की 22 हजार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ राजस्थान के हस्तशिल्प उत्पादों को इंटरनेशनल स्तर पर पहुँचा दिया।

**46. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की कौन-सी विशेषता गलत है?**
(1) योजना के अंतर्गत विभिन्न बीमारियों के 1576 प्रकार के पैकेजेस एवं प्रोसीजर्स उपलब्ध हैं।
(2) मरीज जिस बीमारी के लिए अस्पताल में भर्ती होता है, उसके 5 दिन पहले एवं डिस्चार्ज के 10 दिन बाद तक अस्पताल में की गई जाँचों, दवाइयों एवं परामर्श शुल्क का व्यय पैकेज की राशि में सम्मिलित है।
(3) इसकी शुरुआत 1 मई, 2021 से की गई।
(4) इस योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों हेतु 4.50 लाख रु. की राशि का बीमा कवर प्रतिवर्ष प्रति परिवार देय है। **[2]**

**व्याख्या:-**

- मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत मरीज जिस बीमारी के लिए अस्पताल में भर्ती होता है, उसके 5 दिन पहले एवं डिस्चार्ज के 15 दिन बाद तक का खर्च इस बीमा के अंदर कवर किया जाता है।

**47. राजस्थान सरकार द्वारा अभी हाल में घोषित 'उड़ान' योजना की गलत विशेषता चिह्नित कीजिए –**
(1) इस योजना के अंतर्गत प्रदेश की सभी महिलाओं को 19 नवम्बर, 2021 से सेनेटरी नैपकिन निःशुल्क मिलेंगे ।
(2) यह योजना 9 नवम्बर, 2021 से लागू होगी।
(3) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर दो और जिला स्तर पर एक ब्रांड एम्बेसेडर बनाए जायेंगे।
(4) इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य और व्यक्तिगत शारीरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना है। **[*]**

**48. कौन-से वर्ष में राजस्थान सौर ऊर्जा नीति घोषित की गई थी?**
(1) 2015 (2) 2017
(3) 2019 (4) 2018 **[3]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान को सौर ऊर्जा का हब बनाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नई सौर ऊर्जा नीति – 2019 जारी की थी। इसके साथ ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन स्कीम – 2019 (रिप्स) में इस क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान किए गए। सौर ऊर्जा को प्रोत्साहन देने की नीतियों का परिणाम रहा है कि राजस्थान इस क्षेत्र में देश और दूनिया के निवेशको के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन बन गया है। राजस्थान ने वर्ष 2021 में सौर ऊर्जा के ग्राउण्ड माउन्ट रूफ टॉप ऑफ ग्रिड साहित सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है।

**49. ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर राजस्थान के निम्नलिखित में से किन जिलों से गुजरेगा?**
(1) अजमेर, चित्तौड़गढ़, बीकानेर
(2) जोधपुर, जयपुर, अलवर
(3) उदयपुर, भीलवाड़ा, जयपुर
(4) कोटा, अजमेर, जोधपुर **[1]**

**व्याख्या:-**

- गुजरात के बनास काठा से पंजाब के मेगा तक बन रहे ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर से बीकानेर भी जुड़ गया है। करीब 1500 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर के लिए 765 केवी की विद्युत लाइन डाली जा रही है। इससे 6 हजार मेगावॉट तक बिजली का आदान-प्रदान किया जा सकेगा। राजस्थान में बीकानेर सहित अजमेर और चित्तौड़गढ़ को भी कॉरिडोर से जोड़ा गया। 765 केवी लाइन का राजस्थान में सभवत: यह पहला कॉरिडोर होगा। इसके पूरा होने के बाद बीकानेर को 400 केवी बिजली की कनेक्टिविटी मिल जाएगी।

**50. वर्ल्ड हैप्पीनेस इण्डेक्स-2021 में भारत का क्या स्थान है?**
(1) 141 (2) 129
(3) 121 (4) 139 **[4]**



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

**व्याख्या:-**
- विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट, 2021 को संयुक्त राष्ट्र स्थायी विकास उपाय नेटवर्क की ओर से जारी की गई है।
- इस रिपोर्ट में भारत को 149 देशों में 139वां स्थान मिला है जबकि फिनलैंड शीर्ष पर है तथा अफगानिस्तान 149वें स्थान पर है।

**51. व्यापार सुगमता रिपोर्ट, 2020 के अनुसार, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सूचकांक, 2019 में भारत का कौन-सा स्थान रहा?**
(1) 146 (2) 63
(3) 77 (4) 96 **[2]**

**व्याख्या:-**
- विश्व बैंक द्वारा अक्टूबर, 2019 में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रिपोर्ट (2020) जारी की गई।
- भारत ने 77वें स्थान के मुकाबले 14 पदों की छलांग लगाई और विश्व बैंक द्वारा मूल्यांकन किए गए 190 देशों में 63वें स्थान पर है।

**52. कड़कनाथ एक किस्म है–**
(1) साँड की (2) बकरे की
(3) भैंसे की (4) मुर्गे की **[4]**

**व्याख्या:-**
- कड़कनाथ, भारतीय नस्ल का मुर्गा है। यह मुख्यत: पश्चिमी मध्य प्रदेश के झाबुआ और धार जिलों में पाया जाता है।
- यह मेलानिन वर्णक के कारण काले रंग का होता है इसलिए इसे कालीमासी भी कहा जाता है।
- इसमें उच्च प्रोटीन तथा न्यून वसा पाया जाता है।
- 2018 में इस प्रजाति के मुर्गे के लिए मध्य प्रदेश राज्य को भौगोलिक संकेतन (GI) टैग दिया गया। मध्य प्रदेश के ग्रामीण विकास ट्रस्ट, झाबुआ ने इसके लिए वर्ष 2012 में आवेदन किया था।

**53. मार्च, 2021 में भारत ने निम्नांकित में से किस देश के साथ आपदा प्रबन्धन सहनीयता और शमन के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये?**
(1) भूटान (2) श्रीलंका
(3) बांग्लादेश (4) नेपाल **[3]**

**व्याख्या:-**
- मार्च 2021 में, भारत ने बांग्लादेश के साथ आपदा प्रबन्धन, सहनीयता और शमन के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। यह समझौता भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा बांग्लादेश के आपदा प्रबंधन और राहत मंत्रालय के बीच हुआ है।

**54. टोक्यो पैरालिम्पिक-2020 के समापन समारोह में कौन-सा खिलाड़ी भारतीय ध्वज वाहक बना?**
(1) देवेन्द्र झाझरिया (2) टेक चंद
(3) सुंदर सिंह गुर्जर (4) अवनि लेखरा **[4]**

**व्याख्या:-**
- निशानेबाज अवनि लेखरा टोक्यों पैरालिम्पिक 2020 के समापन समारोह में भारतीय दल की ध्वजावाहक बनी।
- इन्होंने निशानेबाजी में स्वर्ण पदक हासिल किया।

**55. अन्तर्राष्ट्रीय एनी अवार्ड-2020 किसे प्रदान किया गया हैं?**
(1) अमित शाह (2) सी. एन. आर. राव
(3) रमेश गांधी (4) सत्यनारायण रेड्डी **[2]**

**व्याख्या:-**
- प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक सी.एन.आर. राव को अंतर्राष्ट्रीय एनी अवार्ड – 2020 से सम्मानित किया गया है।
- इस पुरस्कार को एनर्जी रिसर्च का नोबेल पुरस्कार माना जाता है।
- यह पुरस्कार सी.एन.आर. राव को ऊर्जा क्षेत्र में अनुसंधान के लिए दिया गया है।

**56. इटली ने किस देश को हराकर यूईएफए यूरो-2020 फाइनल जीता?**
(1) डेनमार्क (2) पुर्तगाल
(3) जर्मनी (4) इंग्लैण्ड **[4]**

**व्याख्या:-**
- इटली ने पेनल्टी शूट आउट में 3 – 2 से इंग्लैंड को पराजित कर UEFA Eura – 2020 खिताब अपने नाम कर लिया।

**57. निम्नांकित में से कौन मेराथन वॉर लीडरशिप इन कॉम्बेट इन अफगानिस्तान' नामक पुस्तक का लेखक है?**
(1) जेफ्री श्लोसर (2) क्रिस मूनी
(3) सैमुएल मोयन (4) कार्टर मलकासियन **[1]**

**व्याख्या:-**
- मेराथन वॉर लीडरशिप इन कॉम्बेट इन अफगानिस्तान पुस्तक का लेखक जेफ्री श्लोसर है।

**58. पुस्तक "संस्कृति री सनातन दीठ' के लेखक कौन हैं?**
(1) डॉ. सत्यनारायण (2) अर्जुन देव चारण
(3) आईदान सिंह भाटी (4) भँवर सिंह सामौर **[4]**

**व्याख्या:-**
- पुस्तक 'संस्कृति री सनातन रीठ' प्रख्यात राजस्थानी लेखक भंवर सिंह सामौर की कृति है। इस रचना को राजस्थानी भाषा में साहित्य अकादमी पुरस्कार – 2020 से सम्मानित किया गया।

**59. राजस्थान जन आधार प्राधिकरण अध्यादेश लागू हुआ -**
(1) 11 जनवरी, 2021 को (2) 18 दिसंबर, 2019 को
(3) 11 जनवरी, 2020 को (4) 18 दिसंबर, 2020 को
**[2]**

**व्याख्या:-**
- राजस्थान जन आधार प्राधिकरण अध्यादेश 18 दिसम्बर, 2019 को लागू हुआ।

**60. आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन पहल (SCRI) के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए –**
**(i) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के संबंध में आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन एक दृष्टिकोण है, जो एक देश की किसी अप्रत्याशित स्थिति में आयात की निर्बाध आपूर्ति को सुनिश्चित करने में मदद करता है।**
**(ii) यह पाँच देशों की एक पहल है, भारत उनमें से एक हैं।**
(1) केवल (i) सत्य हैं।


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(2) केवल (ii) सत्य है।
(3) न ही (i) और ना ही (ii) सत्य है।
(4) दोनों (i) और (ii) सत्य हैं। **[1]**

**व्याख्या:-**

- 27 अप्रैल 2021 को भारत, आस्ट्रेलिया और जापान ने औपचारिक रूप से आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन पहल लॉन्च की। इस पहल को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में चीन के प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए लॉन्च किया गया है। इसे जापान द्वारा प्रस्तावित किया गया है।

**61. निम्नलिखित में से कौन टोक्यो ओलम्पिक 2021 में सिल्वर पदक विजेता रहे? दिये गये कूट में से सही उत्तर का चुनाव कीजिये –**

**(1) रवि कुमार दहिया (2) पी. वी. सिन्धु**
**(3) बजरंग पूनिया (4) मीराबाई चानू**

**कूट**

(1) (A) एवं (B) (2) (B) एवं (C)
(3) (A) एवं (D) (4) (A) एवं (C) **[3]**

**व्याख्या:-**

- रवि कुमार दहिया रजत
- पी. वी. सिंधु कांस्य
- बजरंग पूनिया कांस्य
- मीराबाई चानू रजत

**62. कॉलेज विद्यार्थियों को डिजीटल अकादमिक सामग्री की सहायता प्रदान करने के लिए राजस्थान सरकार ने एक एप को प्रारंभ किया है। इस एप का नाम क्या है?**

(1) माई इज्यूकेशन लो एप (2) माई क्लास लो एप
(3) माई बुक लो एप (4) माई कोचिंग लो एप **[3]**

**व्याख्या:-**

- कॉलेज विद्यार्थियों को डिजिटल अकादमिक सामग्री की सहायता प्रदान करने के लिए राजस्थान सरकार में माई बुक लो एप प्रारम्भ किया है।

**63. निर्यातक बनने के आकांक्षी लोगों के लिए प्रारंभ किया गया "मिशन निर्यातक बनो" प्रवर्तित किया गया है–**

(1) उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा
(2) उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार एवं रिको (RIICO) द्वारा
(3) राजस्थानी फाउण्डेशन एवं रिको (RIICO) द्वारा
(4) रिको (RICO) द्वारा **[2]**

**व्याख्या:-**

- निर्यातक बनने के आकांक्षी लोगों के लिए प्रारंभ किया गया "मिशन निर्यातक बनो" उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार तथा रिको (RIICO) द्वारा प्रवर्तित किया गया है।
- इस अभियान का उद्देश्य 6 चरणों में उन स्थानीय व्यापारियों को पंजीकृत करना और उनका समर्थन करना है, जो विदेशों में अपने व्यापार का विस्तार करना चाहते है।

**64. तियानवेन-1 है–**

(1) चीन का अंतरिक्ष स्टेशन
(2) चीन का चंद्रमा रोवर यान
(3) चीन का अन्तर महाद्वीपीय मिसाईल
(4) चीन का अंतरिक्षयान **[4]**

**व्याख्या:-**

- चीनी आंतरिक्षयान तियानवेन – 1 ने मार्स रोबर ज्यूरोंग (Zoharong) के साथ मंगल की सतह पर सफलतापूर्वक लैंड किया।
- चीन, अमेरिका एवं सोवियत संघ के बाद मंगल ग्रह पर उतरने वाला तीसरा देश बना।
- इस अंतरिक्षयान को लांग मार्च 5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया।

**65. सूची-I को सूची-II से मिलान कीजिए–**

| सूची-I | | सूची-II | |
|---|---|---|---|
| **A.** | **भाविना पटेल** | **(i)** | **तीरंदाजी** |
| **B.** | **निशाद कुमार** | **(ii)** | **भाला फेंक** |
| **C.** | **हरविंदर सिंह** | **(iii)** | **टेबल टेनिस** |
| **D.** | **देवेंद्र झाझरिया** | **(iv)** | **ऊँची कूद** |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (b) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (c) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (d) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**[1]**

**व्याख्या:-**

- **सही सुमेलित है-**

| | |
|---|---|
| भाविना पटेल | टेबल टेनिस |
| निशाद कुमार | ऊँची कूद |
| हरविंदर सिंह | तीरंदाजी |
| देवेन्द्र झाझरिया | भाला फेंक |

**66. निम्नांकित में से किसने टाईम 2021 लिस्ट ऑफ 100 मोस्ट इन्फ्लूएनशियल पीपल में स्थान प्राप्त किया है?**

**(A) नरेन्द्र मोदी (B) ममता बनर्जी**
**(C) अडार पूनावाला (D) मंजूषा पी. कुलकर्णी**

**सही उत्तर है –**

(1) (A), (B), (C) और (D) सही
(2) केवल (B), (C) और (D) सही हैं
(3) केवल (A) और (B) सही हैं
(4) केवल (A), (B) और (C) सही हैं **[1]**

**व्याख्या:-**

- टाइम मैगजीन ने 100 प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी की। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तथा सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अडार पूनावाला तथा मंजूषा पी. कुलकर्णी का नाम शामिल हैं।
- 2021 के सबसे प्रभावशाली नेताओं की लिस्ट में तालिबान के सहसंस्थापक मुल्ला अब्दुल गनी बरादर का नाम शामिल है।

**67. 23 मार्च, 2021 को 'हंगर हॉटस्पॉट रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की गई?**

(1) विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(2) (FAO) तथा (WFP) दोनों के द्वारा साझा रूप से
(3) खाद्य और कृषि संगठन (FAO)
(4) यूनीसेफ (UNICEF) **[2]**

**व्याख्या:-**

- खाद्य और कृषि संगठन (FAO) तथा विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) ने 'हंगर हॉटस्पॉट्स – अगस्त से नवंबर - 2021' नाम से रिपोर्ट जारी की।
- रिपोर्ट के अनुसार इथियोपिया और मेडागास्कर विश्व के सबसे नए उच्चतम अलर्ट वाले हॉटस्पॉट है।

**68. नजीब मिकाती कौन हैं?**
(1) मलेशिया के प्रधानमंत्री
(2) मिस्र के राष्ट्रपति
(3) कजाख्स्तान के राष्ट्रपति
(4) लेबनान के प्रधानमंत्री **[4]**

**व्याख्या:-**

- नजीब मिकाती लेबनान के प्रधानमंत्री है।

**69. भारत का प्रथम कृषि आधारित "कुसुम" सौर ऊर्जा संयंत्र परियोजना को राजस्थान के किस गाँव में प्रारंभ किया गया?**
(1) चितलवाना (2) चाणौद
(3) रानी (4) भालोजी **[4]**

**व्याख्या:-**

- भारत की प्रथम कृषि आधारित 'कुसुम' सौर ऊर्जा संयंत्र परियोजना को राजस्थान में जयपुर के भालोजी गाँव में शुरू किया गया है
- 1 मेगावॉट क्षमता की परियोजना का निर्माण लगभग 3.70 करोड़ की लागत से किया गया है।

**70. "नाबी एमजी है -**
(1) मक्का की एक किस्म (2) जौ की एक किस्म
(3) बाजरा की एक किस्म (4) गेहूँ की एक किस्म **[4]**

**व्याख्या:-**

- "नाबी एमजी" गेहूँ की एक किस्म है। इस काला गेहूँ में आयरन व प्रोटीन की पर्याप्तता होती है।

**71. धौलावीरा (गुजरात) हाल ही में खबरों में क्यों था?**
(1) टाइगर रिज़र्व घोषित हुआ
(2) हाल ही में यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में सम्मिलित किया गया
(3) राष्ट्रीय उद्यानों की सूची में शामिल किया गया
(4) यह स्थल आतंकी हमले का शिकार हुआ था **[2]**

**व्याख्या:-**

- हाल ही में यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में धौलावीरा को शामिल किया गया है।
- भारत का 40वाँ विश्व धरोहर स्थल, हड़प्पा सभ्यता का शहर धोलावीरा है जो गुजरात में स्थित है।
- इसका उत्खनन 1990 – 91 में आर.एस. बिष्ट द्वारा किया गया।
- यह हड़प्पा सभ्यता के बड़े शहरों में से एक है।

**72. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किस संविधान संशोधन अधिनियम को 18 अगस्त, 2021 को मंजूरी दी?**
(1) 106वाँ (2) 107वाँ
(3) 108वाँ (4) 105वाँ **[4]**

**व्याख्या:-**

- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 18 अगस्त, 2021 को 105 वें संविधान संशोधन अधिनियम 2021 को अपनी स्वीकृति दी है।
- इस संशोधन के अनुसार राष्ट्रपति केवल केन्द्र सरकार के उद्देश्यों के लिए सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की सूची को अधिसूचित कर सकते है।
- यह केंद्रीय सूची केंद्र सरकार द्वारा तैयार और अनुरक्षित की जाएगी।

## 2018

**73. राजस्थान सरकार ने मौसमी और गैर-संक्रमणीय बीमारियों के साथ-साथ विशिष्ट क्षेत्रों में पाए जाने वाली बीमारियों के रुझानों पर निगरानी रखने के लिए एक नया सॉफ्टवेयर जारी किया है। इस सॉफ्टवेयर का क्या नाम है?**
(1) उपचार (2) क्योर
(3) निदान (4) सेहत **[3]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान में मौसमी और गैर-संक्रामक बीमारियों के साथ-साथ विशिष्ट क्षेत्रों में पायी जाने वाली बीमारियों की निगरानी तथा मूल्यांकन के लिए " निदान" नामक सॉफ्टवेयर बनाया गया है।

**74. चीन की टीम ने 2018 बी डब्ल्यू एक थॉमस कप (30वाँ संस्करण) जीता है। इसने फाइनल में किस देश की टीम को हराया?**
(1) थाईलैण्ड (2) जापान
(3) फ्रांस (4) भारत **[2]**

**व्याख्या:-**

- थॉमस कप का संबंध - बैडमिंटन से
- **वर्ष 2018 में 30 वाँ थॉमस कप**- विजेता – चीन,
- **उपविजेता-** जापान
- **आयोजन-** बैंकाक (थाइलैण्ड) विजेता चीन।

**75. भारतीय मूल की एक अमेरिकी महिला को संयुक्त राज्य अमेरिका की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी, जनरल मोटर्स में मुख्य वित्तीय अधिकारी नामित किया गया है। उसका क्या नाम है?**
(1) दिव्या सूर्यदेवरा (2) दीपिका सूर्यबर्मन
(3) देविका सरस्वती (4) दीपाली सुरलक्ष्मी **[1]**

**व्याख्या:-**

- दिव्या सूर्यदेवरा का जन्म तमिलनाडु में हुआ। दिव्या सूर्यदेवरा वर्तमान में की ई-कामर्स कंपनी Stripe (स्ट्राइप) की मुख्य वित्तीयन अधिकारी है।

**76. शरदकुमार, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के पूर्व महा-निदेशक, हाल ही में समाचारों में क्यों रहे?**



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(1) उन्हें जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल का सलाहकार नियुक्त किया गया है।
(2) उन्हें केन्द्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त नियुक्त किया गया है।
(3) उन्हें राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है।
(4) उन्हें संघ लोक सेवा आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। **[2]**

**व्याख्या:-**
- शरत कुमार- 1979 बैच के हरियाणा कैडर IPS — 1991 से 1999 तक केन्द्रीय सर्तकता आयोग में सतर्कता आयुक्त के पद वर्तमान- CBI डायरेक्टर – प्रवीण सूद

**77. जून, 2018 में मलेशिया में आयोजित महिला क्रिकेट एशिया कप ट्रॉफी ( T -20 टूर्नामेंट ) बांग्लादेश ने जीता है। फाइनल में किस टीम को हराया?**
(1) पाकिस्तान (2) श्रीलंका
(3) भारत (4) थाईलैण्ड **[3]**

**व्याख्या:–**
**महिला एशिया कप (T-20 ) 2018**
- आयोजन – मलेशिया
- कुल टीमें– 6 (बांग्लादेश, भारत, मलेशिया, श्रीलंका, पाकिस्तान, थाइलैण्ड)
- विजेता– बांग्लादेश
- उपविजेता– भारत
- प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट हरसिमरन कौर (भारत)

**78. मार्च, 2018 में राजस्थान में स्थापित प्रथम मेगा फूड पार्क के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें-**
**(A) इसका उद्घाटन केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री हरसिमरत कौर बादल द्वारा किया गया।**
**(B) यह स्मार्ट मेगा फूड पार्क के नाम से जाना जाता है।**
**(C) यह अजमेर के रूपनगढ़ में स्थित है।**
**उपर्युक्त में से कौन–सा/कौन–से कथन सही है/हैं?**
(1) A और B (2) केवल B
(3) A और C (4) केवल C **[3]**

**व्याख्या:-**
- 30 मार्च, 2018 को अजमेर के रूपनगढ़ में केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री हरसिमरत कौर द्वारा राजस्थान के प्रथम मेगा फूड पार्क का उद्घाटन किया गया।
- इस मेगा फूड पार्क का नाम ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क रखा गया है। हाल ही में स्थापित मेगा फूड पार्क (वर्ष 2020 में )
(1) मिजोरम में कोलासिब जिले के जोरम गाँव में।
(2) मुर्शिदाबाद ( पश्चिम बंगाल)।
(3) हिमालयन मेगा फूड पार्क, उधमसिंह नगर (उत्तराखंड)।

**79. जून, 2018 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उत्तरी कोरिया के नेता किस जोंग उन के मध्य ऐतिहासिक बैठक कहाँ आयोजित की गई?**
(1) पियोंग - यांग में (2) सिंगापुर में
(3) सिओल में (4) ताइपेई में **[2]**

**व्याख्या:-**
- जून, 2018 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तथा उत्तरी कोरिया के तानाशाह किम जोंग के मध्य वन ऑन वन मुलाकात सिंगापुर में आयोजित की गयी।

**80. त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'मालाबार' का 22वाँ संस्करण जून, 2018 में आयोजित हुआ। इस अभ्यास में भारत के अतिरिक्त और कौन–से दो देशों ने हिस्सा लिया?**
(1) रूस और जापान
(2) रूस और बांग्लादेश
(3) नेपाल और वियतनाम
(4) जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका **[4]**

**व्याख्या:-**
**मालाबार नौसेना अभ्यास**
- 1992 में भारत और अमेरिका के मध्य पहली बार शुरू हुआ।
- 2015 में इस अभ्यास में जापान शामिल हुआ। इसमें पर्यवेक्षक राष्ट्र के रूप में ऑस्ट्रेलिया तथा सिंगापुर भी शामिल होते है।
- वर्ष 2018 में मालाबार नौसैनिक अभ्यास का आयोजन फिलीपिंस के गुआम द्वीप (अमेरिकी एयरबेस) पर किया गया।

**81. सात सामाजिक मानकों के आधार पर अपनी पंचायतों को स्टार रैंकिंग देने के लिए हरियाणा सरकार में 7 स्टार ग्राम-पंचायत इन्द्रधनुष योजना शुरू की है। उन पंचायतों को, जो लिंगानुपात में सुधार के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं, कौन–सी स्टार रैंकिंग दी जाती है?**
(1) पिंक स्टार (2) ग्रीन स्टार
(3) गोल्डन स्टार (4) सिल्वर स्टार **[1]**

**व्याख्या:-**
- 7 स्टार ग्राम पंचायत इन्द्रधनुष योजना (हरियाणा)
(1) पिंक स्टार - लिंगानुपात के लिए।
(2) व्हाइट स्टार - साफ-सफाई के लिए।
(3) ग्रीन कलर - पर्यावरण संरक्षण के लिए।

**82. महिला सशक्तिकरण एवं पौध रोपण को बढ़ावा देने के लिए किस राज्य ने 'कन्या वन समृद्धि योजना' आरम्भ की है?**
(1) उत्तरप्रदेश (2) सिक्किम
(3) महाराष्ट्र (4) राजस्थान **[3]**

**व्याख्या:-**
**कन्या वन समृद्धि योजना**
- महाराष्ट्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण तथा वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित योजना।

**83. हाल ही में पूर्वोत्तर राज्यों में से एक राज्य की राजधानी को आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा 100वाँ स्मार्ट सिटी घोषित किया गया है। वह राज्य कौन–सा है?**
(1) मिजोरम (2) मेघालय
(3) नागालैण्ड (4) मणिपुर **[2]**

**व्याख्या:-**
**राष्ट्रीय स्मार्ट सिटी मिशन**


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- प्रारंभ जून, 2016
- शहरी विकास मंत्रालय नोडल एजेंसी के रूप में।
- प्रथम स्मार्ट सिटी- भुवनेश्वर (उड़ीसा)
- 100वीं स्मार्ट सिटी- शिलॉन्ग (मेघालय)
- राजस्थान में स्मार्ट सिटी- उदयपुर, जयपुर, कोटा, अजमेर

**84. 24 जून, 2018 को भारत के चार पैरा- तैराकों के एक दल ने 12 घंटे और 26 मिनट के रिकॉर्ड समय में इंग्लिश चैनल को पार किया। उनमें से एक राजस्थान का था। वह कौन था?**

(1) महेश चंद्र (2) जगदीश चंद्र
(3) वीरेन्द्र कुमार (4) सत्येन्द्र सिंह **[2]**

**व्याख्या:-**

- 24 जून, 2018 को चार भारतीय पैरा तैराक जिन्होंने रिकॉर्ड 12 घंटे और 26 मिनट में इंग्लिश चैनल तैरकर पार किया।
- – जगदीश चन्द्र तेली (राजस्थान )
- – रिमो शाह (पश्चिम बंगाल )
- – चेतन गिरधर राउत (महाराष्ट्र)
- – सतेन्द्र सिंह (महाराष्ट्र )

**85. भारत सरकार ने वर्ष 2022 तक कितनी सौर ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है?**

(1) 20 गीगा वॉट (2) 40 गीगा वॉट
(3) 80 गीगा वॉट (4) 100 गीगा वॉट **[4]**

**व्याख्या:-**

- UNO के सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल्स 2017 के तहत् भारत सरकार ने रीन्युएबल एनर्जी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2022 तक भारत में 175 GW क्षमता की रीन्युएबल एनर्जी बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें 100GW सौर ऊर्जा द्वारा, 60GW पवन ऊर्जा द्वारा, 10GW बायोमास द्वारा और 5GW छोटे जल विद्युत ऊर्जा द्वारा प्राप्त किया जायेगा।
  इसकी नोडल एजेन्सी के रूप में नव्य एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय कार्य करेगा।

**86. हाल ही में भारत की दीपिका कुमारी ने तीरंदाजी विश्व कप (तीसरा चरण ) की महिला रिकर्व स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता है। यह विश्व कप प्रतियोगिता कहाँ आयोजित की गई?**

(1) बर्लिन (2) कोर्टिना
(3) साल्ट लेक सिटी (4) सेमसन **[3]**

**व्याख्या:-**

- दीपिका कुमारी ( तीरंदाजी) राँची, झारखण्ड निवासी
- तीसरा चरण साल्ट लेक सिटी (अमेरिका) में आयोजित हुआ।
- **राष्ट्रमण्डल खेल–**
  (1) 2010 - दिल्ली- स्वर्ण पदक व्यक्तिगत स्पर्द्धा
  (2) 2010- दिल्ली - स्वर्ण पदक टीम स्पर्द्धा
- **एशियन गेम्स–**
  (1) 2010 - ग्वांग्झु (चीन)- कांस्य पदक व्यक्तिगत स्पर्धा
  वर्ष 2012 में अर्जुन पुरस्कार
  वर्ष 2016 में पद्मश्री से नवाजा
  दीपिका कुमारी विश्व की तीरंदाजी रैंकिंग में प्रथम स्थान पर रही है।

**87. जस्टिस इंदू मल्होत्रा की नियुक्ति के बाद भारत के उच्चतम न्यायालय में महिला न्यायाधीशों की संख्या दो हो गई है। दूसरी महिला न्यायाधीश कौन है?**

(1) जस्टिस रूमा पॉल (2) जस्टिस आर. भानुमति
(3) जस्टिस ज्ञान सुधा मिश्र (4) जस्टिस संगीता प्रकाश **[2]**

**व्याख्या:–**

**महिला न्यायधीश जो सुप्रीम कोर्ट में न्यायधीश के पद पर रही–**

- फातिमा बीवी (1989)- प्रथम महिला न्यायाधीश
- रूमा पॉल (2000)- सबसे लंबा कार्यकाल
- आर. भानुमति (2014)
- इन्दू मल्होत्रा (2018) सीधे बार काउंसिल से आने वाली प्रथम न्यायाधीश महिला
- वर्तमान में तीन महिला – D.V. नागथना, हिमा कोहली, बेला त्रिवेदी

**88. हाल ही में पाकिस्तान का युसूफ सलीम समाचारों में रहा। वह कौन है?**

(1) वह पाकिस्तान के पहले दृष्टिबाधित न्यायाधीश हैं।
(2) वह पाकिस्तान की कबड्डी टीम का कप्तान है।
(3) वह पाकिस्तान की क्रिकेट टीम का सबसे कम उम्र का खिलाड़ी है।
(4) वह पाकिस्तान की हॉकी टीम का कप्तान **[1]**

**व्याख्या:-**

- जस्टिस युसुफ अली सईद वर्तमान पाकिस्तान के सिंध उच्च न्यायालय के न्यायाधीश है। वे पाकिस्तान के न्याय प्रणाली में प्रथम दृष्टिबाधित न्यायाधीश है।

**89. चुनावी बॉण्ड योजना 2018 के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें-**

**(अ) राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना इस योजना का उद्देश्य है।**
**(ब) चुनाव आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त केवल वही राजनीतिक दल चुनावी बॉण्ड प्राप्त कर सकेंगे जिन्होंने पिछले लोकसभा या राज्य की विधानसभा चुनावों में न्यूनतम दो प्रतिशत मत प्राप्त किए हैं।**
**(स) चुनावी बॉण्ड जारी होने की तिथि से पन्द्रह कैलेंडर दिवस तक वैध रहेंगे।**
**(द) पात्र राजनीतिक दल द्वारा अपने खाते में जमा कराए गए चुनावी बॉण्ड का भुगतान उसी दिन किया जाएगा।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(1) केवल (अ) और (ब)
(2) केवल (अ), (ब) और (स)
(3) केवल (ब), (स) और (द)
(4) केवल (अ), (स) और (द) **[4]**

**व्याख्या:-**

**चुनावी बॉण्ड योजना 2018**

- मुख्य उद्देश्य राजनीतिक दलों को प्राप्त होने वाले चंदे को पारदर्शी बनाना है।



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- चुनावी बॉण्ड जारी होने की तिथि से पन्द्रह दिन तक मान्य रहेगा।
- बॉण्ड कम से कम 1,000 रु. और अधिकतम 1 करोड़ रु. की वैल्यू का ही हो सकता है।
- पात्र राजनीतिक दल द्वारा अपने खाते में जमा कराए गये चुनावी बॉण्ड का भुगतान उसी दिन किया जायेगा।

**90. किस अंतरिक्ष एजेन्सी ने हाल ही में उपग्रह को ले जाने वाले विश्व के सबसे छोटे रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया?**

(1) नासा (2) इसरो
(3) सी. एन. एस. ए. (4) जाक्सा **[4]**

**व्याख्या:-**

- जापान ने दुनिया का सबसे छोटा एवं हल्का रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। जापानी अन्तरिक्ष एजेंसी (JAXA) ने SS-520 (एसएस-520) नामक रॉकेट 3 किलोग्राम वजनी 50 सेमी व्यास का है।
- इसे कागोशिमा स्थित युकिनौरा अंतरिक्ष केन्द्र से प्रक्षेपित किया है। यह उपग्रह पृथ्वी की सतह के चित्र लेने के लिए विकसित किया गया है।

**91. राजस्थान की डॉ. कृष्णा जाखड़ को साहित्य अकादमी का राजस्थानी अनुवाद पुरस्कार 2017 दिया गया है। उन्हें यह पुरस्कार उनकी कौन–सी अनुवाद - कृति के लिए दिया गया है?**

(1) गाथा तिस्ता पार री (2) भींत
(3) अडाणै धर्योडी आँख्याँ (4) टोबा टेक सिंह **[1]**

**व्याख्या:-**

- केन्द्रीय साहित्य अकादमी की ओर से राजस्थानी अनुवाद पुरस्कार-2017 चुरू निवासी डॉ. कृष्णा जाखड़ को उनकी कृति "गाथा तिस्ता पार री" के लिए दिया गया।
  यह कृति जाखड़ द्वारा रॉय (बंगाली साहित्यकार) की लिखी "तिस्ता पारेर वृतांत" के अनुवाद स्वरूप लिखी गई।
- कृष्णा जाखड़ को अकादमी द्वारा प्रशस्ति पत्र, 50 हजार 9 रु. का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

**92. साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार-2018 के लिए 23 लेखकों का चयन किया गया है। उसमें से राजस्थानी भाषा के लिए किसको चुना गया है?**

(1) डॉ. चेतन स्वामी (2) डॉ. ज्योति पुंज
(3) मोहन आलोक (4) सी.एल. साँखला **[4]**

**व्याख्या:-**

- कोटा में शिक्षक सी. एल. साँखला को राजस्थानी " बाल कहानी संग्रह "चड़ा-चड़ी की खेती" के लिए केन्द्रीय साहित्य अकादमी द्वारा राजस्थानी भाषा के लिए वर्ष 2018 का साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार से प्रदान किया गया।

**93. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
**(अ) संगमरमर विकास एवं सरंक्षण नियमावली-2002**
**(ब) राजस्थान खनिज नीति-2015**
**(स) जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली-2016**
**(द) राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली (संशोधित मई, 2016 तक)**
**कूट-**

(1) केवल (अ), (स) और (द)
(2) केवल (अ), (ब) और (द)
(3) केवल (अ) और (द)
(4) उपर्युक्त सभी **[4]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान खनिज नीति- 2015 (वर्ष 2019 में संशोधित)
- संगमरमर विकास एवं संरक्षण नियमावली- 2002
- जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली-2016
- राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली- 1986 (वर्ष मई, 2016 से संशोधित)

**94. निम्नलिखित में से कौन–सा विकल्प सुमेलित नहीं है?**

| | **जिला** | **शुभंकर** |
|---|---|---|
| (1) | भीलवाड़ा | मोर |
| (2) | चूरू | कृष्ण मृग |
| (3) | सवाई माधोपुर | शेर |
| (4) | जैसलमेर | गोड़ावण |

**[3]**

**व्याख्या:-**

| **जिले** | **शुंभकर** |
|---|---|
| अजमेर | खरमोर |
| अलवर | सांभर |
| बाँसवाड़ा | जल पीपी |
| बाराँ | मगरमच्छ |
| बाड़मेर | लोमड़ी |
| भीलवाड़ा | मोर |
| बीकानेर | भट्ट तीतर |
| बूँदी | सुर्खाब |
| चित्तौड़गढ़ | चौसिंगा |
| चूरू | कृष्ण मृग |
| दौसा | खरगोश |
| धौलपुर | पचीरा (इण्डियन स्क्रीमर) |
| डूँगरपुर | जांघिल |
| हनुमानगढ़ | छोटा किलकिला |
| जैसलमेर | गोड़ावन |
| जालोर | भालू |
| झालावाड़ | गागरोनी तोता |
| झुंझुनूँ | काला तीतर |
| जोधपुर | कुरजाँ |
| जयपुर | चीतल |
| करौली | घड़ियाल |
| कोटा | उदबिलाव |
| नागौर | राजहंस |
| पाली | तेन्दुआ |
| प्रतापगढ़ | उड़न गिलहरी |
| राजसमंद | भेड़िया |
| सवाई माधोपुर | बाघ |



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

| | |
|---|---|
| श्रीगंगानगर | चिंकारा |
| सीकर | शाहीन |
| सिरोही | जंगली मुर्गा |
| टोंक | हंस |
| उदयपुर | कबर बिज्जु |

**95. वर्ष 2016-17 के दौरान भारत में विदेशी प्रत्यक्ष विनियोग के इक्विटी अन्तर्प्रवाह में योगदान के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा देश शीर्ष पर रहा?**

(1) मॉरीशस (3) जापान
(2) सिंगापुर (4) यू. एस. ए. **[1]**

**व्याख्या:-**

- भारत में विदेशी प्रत्यक्ष विनियोग का इक्विटी अन्तर्प्रवाह के शीर्ष देश- वर्ष 2016-17 मॉरीशस, सिंगापुर, जापान, ब्रिटेन, अमेरिका

**96. राजस्थान सरकार ने राज्य में प्रथम कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की है। यह कहाँ स्थापित किया गया है?**

(1) अजमेर (2) सीकर
(3) कोटा (4) जयपुर **[4]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विश्वविद्यालय की स्थापना 7 मार्च, 2017 को जामडोली, जयपुर में की गई। राजस्थान कौशल विकास एवं प्रशिक्षण योजना राज्य में 15 जुलाई, 2015 को शुरू की गई।
- 2022-23 में नाम परिवर्तन कर विश्वकर्मा विश्वविद्यालय किया गया।

## 2016

**97. 'नया सवेरा' है-**

(1) डोडा पोस्त से पूर्ण नशामुक्ति कार्यक्रम
(2) तम्बाकू से पूर्ण नशामुक्ति कार्यक्रम
(3) शराब से पूर्ण नशामुक्ति कार्यक्रम
(4) उपर्युक्त सभी **[4]**

**व्याख्या:-**

- नया सवेरा योजना, 2015
- प्रारंभ - राजस्थान सरकार द्वारा बीकानेर से
- उद्देश्य - राज्य में डोड़ा-पोस्त से पूर्ण नशामुक्ति का कार्यक्रम

**98. भामाशाह योजना की मुख्य विशेषताएँ हैं -**
**I. प्रत्येक परिवार को परिवार की महिला मुखिया के नाम भामाशाह कार्ड जारी किया जाता है।**
**II. भामाशाह कार्ड महिला के बैंक खाते से जोड़ा जाता है।**
**III. विभिन्न नकद लाभों को लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाएगा।**
**IV. सभी गैर-नकद लाभों को भी लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित का जाएगा।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(1) केवल I (2) केवल I और II
(3) केवल I, II और III (4) I, II, III और IV **[3]**

**व्याख्या:-**

- भामाशाह योजना का उद्घाटन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने 15 अगस्त, 2014 को किया था।
- प्रत्येक परिवार को परिवार की महिला मुखिया के नाम भामाशाह कार्ड जारी किया जाता है।
- भामाशाह कार्ड महिला के बैंक खाते से जोड़ा जाता है।
- विभिन्न नकद लाभों का लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाएगा।

**99. उच्च गति ग्रामीण ब्रॉडबैंड नेटवर्क से जुड़ने वाला भारत का प्रथम जिला कौन सा है?**

(1) कर्नाटक का बेंगलुरु ज़िला
(2) मध्य प्रदेश का विदिशा ज़िला
(3) केरल का इडुक्की ज़िला
(4) महाराष्ट्र का पुणे ज़िला **[3]**

**व्याख्या:-**

- राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (NOFN) अक्टूबर, 2011 में लॉन्च–
  - **उद्देश्य-** पंचायतों तक ब्राडब्रेंड सुविधा पहुँचाना।
  - **लक्ष्य-** 2.5 लाख लाख पंचायतों वर्ष 2020 तक।
- उच्च गति ग्रामीण ब्रॉडबैंड नेटवर्क से जुड़ने वाला भारत का प्रथम जिला केरल का इडुक्की।

**100. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को राज्य में लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार ने राजस्थान में विज्ञान केन्द्र और विज्ञान पार्क स्थापित किये हैं। उन सही स्थानों को पहचाने जहाँ पर विज्ञान 'पार्क अब तक स्थापित किये गए हैं-**

(1) जयपुर, जोधपुर, कोटा
(2) जयपुर, बीकानेर, झालरापाटन (झालावाड़)
(3) जयपुर, नवलगढ़, झालरापाटन (झालावाड़)
(4) जयपुर, नवलगढ़, कोटा **[3]**

**व्याख्या:-**

- **विज्ञान पार्क–** जयपुर, झालावाड़ (झालरापाटन) विज्ञान केन्द्र-कोटा, उदयपुर, बीकानेर क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र-जयपुर।

**101. फरवरी, 2016 में आयोजित हुए 12वें दक्षिण एशियाई खेलों में भारत ने कितने स्वर्ण पदक जीते?**

(1) 200 (2) 188
(3) 156 (4) 96 **[2]**

**व्याख्या:-**

- 12वें दक्षिण एशियाई खेल - 2016 में 5-16 फरवरी, 2016, गुवाहाटी (असम) में आयोजन किया गया।
- **थीम** शान्ति, उन्नति एवं समृद्धि के लिए खेल
- **भारत ने जीते-** 308 (188 गोल्ड, 99 चाँदी, 30 काँस्य)
- मस्कट – तिमोर भारत में इससे पूर्व 1987 में कोलकता एवं 1995 में चेन्नई में दक्षिण एशियाई खेलों का आयोजन किया गया है।

**102. यूनाइटेड किंगडम को यूरोपीय संघ से अलग करने के लिए आंदोलन का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया?**

(1) बेरिया जोन्सन
(2) मार्क कार्जी


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(3) जॉर्ज ओस्बोर्न
(4) जयाँ - क्लांदे जूनकर **[1]**

**व्याख्या:-**

- यूनाइटेड किंगडम में ब्रेक्जिट आंदोलन के प्रमुख नेतृत्वकर्त्ता बेरिया जोनसन थे।

**103. वर्ष 2015-16 में रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता की विजेता मुम्बई क्रिकेट टीम के कप्तान कौन थे?**

(1) सूर्य कुमार यादव (2) श्रेयस अय्यर
(3) रोहित शर्मा (4) आदित्य तारे **[4]**

**व्याख्या:-**

- यह रणजी ट्राफी 2015-16 का 82वाँ संस्करण था। रणजी ट्रॉफी के बाद विजय हजारे ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी, देवधर ट्रॉफी तथा ईरानी कप का आयोजन होता है।
- वर्ष 2015-16 में रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता की विजेता मुम्बई क्रिकेट टीम के कप्तान आदित्य तारे थे।
- वर्ष 2025-26 में रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता की विजेता जम्मू-कश्मीर तथा उप-विजेता कर्नाटक। टूर्नामेंट के 67 साल के इतिहास में जम्मू-कश्मीर की टीम पहली बार फाइनल में पहुँची थी।

**104. भारत का कौन सा भारतीय राज्य पहला जिला 'डिजिटल राज्य' घोषित किया गया है?**

(1) कर्नाटक (2) केरल
(3) महाराष्ट्र (4) गोवा **[2]**

**व्याख्या:-**

- केरल को आधिकारिक तौर पर देश का पहला पूर्ण डिजिटल राज्य घोषित किया गया था। यह गौरव उसे राज्य के सभी गांवों, पंचायतों और सुदूर क्षेत्रों को इंटरनेट तथा ई-गवर्नेंस सेवाओं से जोड़ने के कारण मिला।

**105. किस देश ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'अमीर अमानुल्लाह खान' पुरस्कार प्रदान किया है?**

(1) सऊदी अरब (2) उज्बेकिस्तान
(3) ईरान (4) अफगानिस्तान **[4]**

**व्याख्या:-**

**PM मोदी को प्राप्त वैश्विक सम्मान-**

- Grand Collar of the State of Palestine (फिलिस्तीन)
- अमीर अमानुल्लाह खान अवॉर्ड (अफगानिस्तान)

**अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद ऑर्डर (2016):**

- यह **सऊदी अरब का सर्वोच्च सम्मान** है जो गैर-मुस्लिम गणमान्य व्यक्तियों को दिया जाता है।

**106. उस स्थान का नाम पहचानिए, जहाँ 31 अक्टूबर, 2015 को राजस्थान की मुख्यमंत्री ने पहले 'अन्नपूर्णा भंडार' का उद्घाटन किया था?**

(1) चोमूँ (2) भंभौरी
(3) फागी (4) कोटपूतली **[2]**

**व्याख्या:-**

**अन्नपूर्णा भंडार योजना का शुभारंभ**

- **प्रारंभ-** 31 अक्टूबर, 2015
- **स्थान-** भंभौरी (जयपुर)
- **लक्ष्य-**45 तरह की 350 से अधिक प्रकार के उत्पाद उद्देश्य-ग्रामीण क्षेत्रों में दैनिक जरुरत की वस्तुओं को गुणवत्ता मूलक तथा उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने का मुख्य उद्देश्य से।

**107. नार्वे सरकार के सहयोग से राजस्थान सरकार ने जीवनधारा बैंक निम्न की उपलब्धता के लिए स्थापित किया-**

(1) कैंसर मरीजों को रक्त हेतु
(2) मरुक्षेत्रों में पानी हेतु
(3) बुजुर्गों को बीमा हेतु
(4) शिशुओं के लिए माँ के दूध हेतु **[4]**

**व्याख्या:-**

- नॉर्वे सरकार तथा जे. के. लॉन हॉस्पिटल के सहयोग राजस्थान सरकार ने 31 मार्च, 2015 को जयपुर में शिशुओं के लिए माँ के द्वारा दूध हेतु जीवन धारा नाम से एक दूध बैंक की स्थापना की गई।

**108. रियो पैरालम्पिक खेल, 2016 का आधिकारिक 'मोटो' क्या है?**

(1) एक नया विश्व (2) आओ और खेलो
(3) खेलों में समानता (4) आओ साथ चलें **[1]**

**व्याख्या:-**

- रियो पैरालम्पिक खेल, 2016 का आधिकारिक 'मोटो' एक नया विश्व।
- 16वें (समर) पैरालम्पिक का आयोजन वर्ष 2020 में टोक्यों में प्रस्तावित था जो कोरोना की वजह से वर्ष 2021 तक टाल दिया गया है।
- शीतकालीन पैरालम्पिक 2026- मिलानो कोर्टिना (इटली)।
- पेरिस पैरालम्पिक 2024:- 28 अगस्त से 8 सितंबर, 2024 तक आयोजित। भारत ने कुल 29 पदक (7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य) जीते और पदक तालिका में 18वाँ स्थान।
- आगामी ग्रीष्मकालीन पैरालम्पिक खेल 15 से 27 अगस्त, 2028 को लॉस एंजिल्स, अमेरिका में आयोजित होंगे। यह लॉस एंजिल्स के इतिहास में पहला पैरालम्पिक आयोजन होगा।

**109. 2016 रियो पैरालिंपिक खेलों में कुल कितने खेलों की प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाएगी?**

(1) 20 (2) 42
(3) 23 (4) 27 **[3]**

**व्याख्या:-**

- 2016 रियो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक कार्यक्रम में 22 खेल शामिल थे।
- पेरिस पैरालम्पिक 2024 में भी 23 खेल सम्मिलित थे।

**110. प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

**A. योजना में निर्धनता रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले (बीपीएल) परिवारों की महिलाओं को नि:शुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदान करती है।**

**B. योजना के अन्तर्गत 8000 करोड़ रु. का प्रावधान रखा गया है।**



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

**C. योजना के अन्तर्गत प्रत्येक एलपीजी गैस कनेक्शन पर बीपीएल परिवार को 2,800 रु. की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।**
**D. योजना देश भर में 5 करोड़ बीपीएल परिवारों को लाभ पहुँचाएगी।**
**उपर्युक्त में से कौन–से कथन सत्य हैं?**
(1) केवल A और B (2) केवल B और C
(3) केवल A, C, और D (4) केवल A, B और D **[4]**

**व्याख्या:-**
**प्रधानमंत्री उज्जवला योजना**
- **शुरुआत -**1 मई, 2016
- **स्थान -** बलिया (उत्तरप्रदेश)
- **लक्ष्य-** वर्ष 2016 -19 तक 5 करोड़ परिवारों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध करवाना।
- **मुख्य उद्देश्य –**
(1) योजना में निर्धनता रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले (बीपीएल) परिवारों की महिलाओं को नि:शुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदान करती है।
(2) योजना के अन्तर्गत रु 8000 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।
(3) योजना देश भर में 5 करोड़ बीपीएल परिवारों को लाभ पहुँचाएगी।

**111. राजस्थान राज्य में पहला द्रोणाचार्य पुरस्कार किसे प्राप्त हुआ है?**
(1) करण सिंह (2) रिपुदमन सिंह
(3) गोपाल सैनी (4) परमजीत सिंह **[1]**

**व्याख्या:-**
**प्रो. करण सिंह-**
- जन्म राजस्थान के जोधपुर जिले में।
- प्रो. करण सिंह ने 1964 के टोकियो ओलम्पिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया तथा 1970 के एशियाई खेलों में 400 मी. की दौड़ में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था।
- **राजस्थान में द्रोणाचार्य विजेता खिलाड़ी–**
(1) करणी सिंह (1995) (2) श्याम सुंदर राव
(3) अनुप कुमार (4) महा सिंह

**112. प्रतिष्ठित टेबल टेनिस चैम्पियनशिप एशियन कप-2015 का आयोजन किया गया था-**
(1) सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम, जयपुर
(2) नेशनल स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया, मुंबई
(3) जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली
(4) नेताजी सुभाष इंडोर स्टेडियम, कोलकाता **[1]**

**व्याख्या:-**
- एशियन कप-2015 एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता थी।
- इसका आयोजन राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्थित सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में किया गया।
- इस प्रतियोगिता में एशिया के शीर्ष पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- इस आयोजन से राजस्थान को अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के मानचित्र पर विशेष पहचान मिली।

**113. राजस्थान ओलम्पिक एसोसिएशन के नव निर्वाचित चेयरमैन हैं :**
(1) शिवचरण माली
(2) धनराज चौधरी
(3) गोपाल सैनी
(4) रामअवतार जाखड़ **[2]**

**व्याख्या:-**
- राजस्थान ओलम्पिक एसोसिएशन राज्य में खेल गतिविधियों के समन्वय की प्रमुख संस्था है।
- इसके चेयरमैन का चयन चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है।
- धनराज चौधरी नव निर्वाचित चेयरमैन बने थे।
- उनका उद्देश्य राज्य में खेलों के विकास तथा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना था।

**114. रियो ओलम्पिक खेल, 2016 में कितनी स्पर्धाएँ हुईं?**
(1) 396 (2) 326
(3) 306 (4) 296 **[3]**

**व्याख्या:**
- रियो ओलम्पिक 2016 का आयोजन रियो डी जेनेरियो में हुआ था।
- इसमें 28 खेलों के अंतर्गत कुल 306 पदक स्पर्धाएँ (Events) आयोजित की गईं।
- लगभग 11,000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- यह दक्षिण अमेरिका में आयोजित होने वाला पहला ओलम्पिक खेल था।

**115. पृथ्वी का पूरा चक्कर लगाने वाले प्रथम सौर-ऊर्जा चालित वायुयान का क्या नाम है?**
(1) सोलर इम्पल्स-1
(2) सोलर इम्पल्स-3
(3) सोलर इम्पल्स-2
(4) सोलर इम्पल्स-4 **[3]**

**व्याख्या:**
- Solar Impulse 2 विश्व का पहला सौर-ऊर्जा चालित विमान था जिसने पृथ्वी की परिक्रमा पूरी की।
- इसने 2015-16 के दौरान कई चरणों में विश्व भ्रमण किया।
- विमान ने उड़ान के लिए केवल सौर ऊर्जा और बैटरियों का उपयोग किया।
- इस उपलब्धि ने स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा की संभावनाओं को प्रदर्शित किया।

**116. 35वें राष्ट्रीय खेल, 2015 में राजस्थान ने जीते :**
(1) 10 पदक
(2) केवल एक स्वर्ण पदक
(3) तीन रजत पदक


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(4) 18 पदक [4]

**व्याख्या:**

- 35वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन केरल में वर्ष 2015 में हुआ था।
- राजस्थान के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
- राज्य ने कुल 18 पदक प्राप्त किए।
- इन खेलों ने राजस्थान के खिलाड़ियों की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को उजागर किया।

## 2015

**117. सुमेलित कीजिए-**

| भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाएँ | | उनका सारतत्व | |
|---|---|---|---|
| **A.** | **नई रोशनी कार्यक्रम** | **I.** | **महिला सशक्तीकरण वित्तीय समावेशन** |
| **B.** | **दिशा** | **II.** | **वित्तीय समावेशन** |
| **C.** | **प्रधानमंत्री जन-धन योजना** | **III.** | **नई पेंशन प्रणाली** |
| **D.** | **स्वावलंबन** | **IV.** | **सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण** |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | II | III | I |
| (2) | I | IV | II | III |
| (3) | II | III | IV | I |
| (4) | III | I | II | IV |

[2]

**व्याख्या:–**

- नई रोशनी कार्यक्रम - महिला सशक्तीकरण वित्तीय समावेशन
- दिशा - सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण
- प्रधानमंत्री जन-धन योजना-वित्तीय समावेशन
- स्वावलंबन- नई पेंशन प्रणाली

**118. 11 सितम्बर, 2015 को यथा विद्यमान, राजस्थान का कौन-सा जिला शौचालयों के निर्माण के वार्षिक लक्ष्य को अर्जित करने में पहले स्थान पर रहा है?**

(1) सिरोही (2) पाली
(3) अजमेर (4) उदयपुर [3]

**व्याख्या:–**

- राजस्थान का अजमेर जिला शौचालयों के निर्माण के वार्षिक लक्ष्य को अर्जित करने में प्रथम स्थान पर रहा।

**119. राजस्थान में केरोसीन के लिए खाते में धनराशि की सीधे हस्तांतरण योजना पायलट आधार पर लागू हुई-**

(1) कोटपूतली तहसील से (2) कोटकासिम तहसील से
(3) कोटड़ा तहसील से (4) किशनगढ़ तहसील से [2]

**व्याख्या:–**

- राजस्थान में DBT योजना सर्वप्रथम दिसम्बर, 2011 से अलवर के कोटकासिम से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तथा राजस्थान में 1 अप्रैल, 2016 से 26 जिलों से शुरू की।

### अंतर्राष्ट्रीय

**120. न्यायमूर्ति सुरेन्द्र कुमार सिन्हा चर्चा में रहे हैं, क्योंकि-**

(1) उन्होंने टाडा मुकदमों में साहसिक निर्णय सुनाये हैं।
(2) उन्होंने जयललिता के मुकदमे में अपनी विमति दर्ज कराई थी।
(3) उन्हें बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट के प्रथम हिन्दू चीफ जस्टिस के रूप में शपथ दिलवाई गई है।
(4) वे प्लेनम के स्थान पर अखिल भारतवर्षीय न्यायिक आयोग की स्थापना के बाद नियुक्त होने वाले प्रथम न्यायाधीश हैं। [3]

**व्याख्या:-**

- बांग्लादेश के इतिहास में जस्टिस सुरेन्द्र कुमार सिन्हा प्रथम हिन्दू मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए गए थे। वे बांग्लादेश के 21वें मुख्य न्यायधीश थे।

**121. उस खिलाड़ी का नाम पहचानिये जिसे 2014 में अर्जुन पुरस्कार दिल्ली उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद दिया गया-**

(1) जय भगवान (2) ममता पुजारी
(3) मनोज कुमार (4) टॉम जोसफ [3]

**व्याख्या:-**

- मनोज कुमार को वर्ष 2014 में अर्जुन पुरस्कार दिल्ली उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद दिया गया था। मनोज कुमार का सम्बन्ध हरियाणा राज्य से है। ये बॉक्सिंग से सम्बन्धित हैं।

**122. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**

**कथन A : भारत की अंजू बॉबी जॉर्ज जिन्होंने सन् 2005 में लंबी कूद स्पर्द्धा में तीसरी विश्व एथलेटिक्स में रजत पदक जीता था, अब 2014 में स्वर्ण पदक की विजेता घोषित कर दी गई हैं।**

**कारण R : रूसी एथलीट तात्याना कोतावा (दूसरा स्थान) डोप टेस्ट में दोषी पाई गई हैं।**

(1) A और R दोनों सही हैं और R, A की पुष्टि नहीं करता है।
(2) A और R दोनों सही हैं और R, A की पुष्टि करता है।
(3) A सही है और R गलत है।
(4) A गलत है और R सही है [3]

**व्याख्या:-**

- भारत की अंजू बॉबी जॉर्ज जिन्होंने वर्ष 2005 में लम्बी कूद स्पर्द्धा में तीसरी विश्व एथलेटिक्स में रजत पदक जीता था। अब 2014 में स्वर्ण पदक की विजेता घोषित कर दी गई है क्योंकि एथलीट तात्याना कोतावा डोप टेस्ट में दोषी पायी गई। वे भारत की एकमात्र एथलीट हैं जिसने विश्व एथलीट चैम्पियनशीप में स्वर्ण पदक जीता।

**123. भारत सरकार ने किस वर्ष तक सबके लिए आवास योजना की शुरुआत की है-**

(1) 2020 (2) 2021
(3) 2022 (4) 2023 [3]

**व्याख्या:-**



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- **सबके लिए आवास योजना**- दिनांक- 25 जून, 2015
- वर्ष 2022 तक 2011 की जनगणना के अनुसार 500 श्रेणी-1 के कस्बों में आवास प्रदान कर कवर किया जाएगा।
- वित्त पोषण - सामान्य क्षेत्र = केन्द्र : राज्य - 75 : 25
  उत्तरी पूर्वी राज्य = केन्द्र : राज्य - 90 : 10
  व्यक्तिगत आवास निर्माण पर 1.5 लाख की केन्द्रीय सहायता उपलब्ध करवायी जायेगी।

**124. अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) में मुख्य रूप से जोर दिया गया है-**
**1. जलापूर्ति**
**2. सीवरेज सुविधाएँ**
**3. सार्वजनिक यातायात सुविधाएँ**
**4. पार्क एवं मनोरंजन केन्द्रों का निर्माण मुख्यतया बच्चों के लिए**
**5. जल प्लावन को रोकने हेतु बाढ़ के पानी का निर्गम**
**नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें-**
(1) 1, 2 और 5
(2) 1, 2 और 3
(3) 2, 3, 4 और 5
(4) 1, 2, 3, 4, और 5 **[4]**

**व्याख्या:-**
- अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) में मुख्य रूप से जलापूर्ति, सीवरेज सुविधाएँ, सार्वजनिक यातायात सुविधाएँ, पार्क एवं मनोरंजन केन्द्रों का निर्माण मुख्यतया बच्चों के लिए और जल प्लावन को रोकने हेतु बाढ़ के पानी का निर्गम इत्यादि पर जोर दिया गया है।

**125. अभी हाल ही में किसने कहा कि लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत का भविष्य खतरे में है?**
(1) रिचर्ड ए. फाल्क (2) एम. जे. अकबर
(3) अरुंधति राय (4) किरण बेदी **[1]**

**व्याख्या:-**
- "लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत का भविष्य खतरे में है।" यह वक्तव्य हाल ही में रिचर्ड ए. फाल्क ने दिया था।

**126. भूमि अधिग्रहण विधेयक लोकसभा में कितने संशोधन से पारित हुआ था-**
(1) 9 (2) 10
(3) 11 (4) 5 **[1]**

**व्याख्या:-**
- भूमि अधिग्रहण विधेयक लोकसभा में 9 संशोधनों से पारित हुआ था।

**127. इस वर्ष 2015 आयोजित वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में रजत पदक किसने जीता-**
(1) सानिया मिर्जा (2) निशा सिद्धू
(3) मार्टिना हिंगिस (4) सायना नेहवाल **[4]**

**व्याख्या:-**
- वर्ष 2013 में आयोजित वर्ल्ड बैडमिन्टन चैम्पियनशिप में रजत पदक सायना नेहवाल ने जीता।

**128. भारत ने कितने वर्षों के बाद श्रीलंका में क्रिकेट टेस्ट सीरीज जीती है?**
(1) 22 (2) 20
(3) 10 (4) 15 **[1]**

**व्याख्या:-**
- भारत ने 22 वर्षों बाद श्रीलंका में क्रिकेट टेस्ट सीरीज जीती।

**129. भारत सरकार की मुद्रा योजना का उद्देश्य है-**
(1) मुद्रा प्रबन्धन में सुधार हेतु पहल करना
(2) निर्धन कृषकों को ऋण उपलब्ध कराना
(3) जन-धन योजना का पूरक बनाना
(4) छोटे व्यापार स्थापित करने हेतु आसान वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना। **[4]**

**व्याख्या:-**
**मुद्रा योजना (माइक्रो युनिट डवलपमेन्ट एण्ड रिफाइनेंस एजेंसी)**
- प्रारंभ- 8 अप्रैल, 2015
- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को फण्ड की पूर्ति के लिए मुद्रा योजना का निर्माण किया। इसमें बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध करवाया जायेगा।
  **मुद्रा योजना में तीन प्रकार के ऋण-**
  (1) शिशु ऋण योजना- 50,000 रु. तक
  (2) किशोर ऋण योजना- 50,000-5,00,000रु.
  (3) तरुण ऋण योजना- 5,00,000-10,00,000 रु.
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, राज्य सहकारी बैंक, माइक्रोफाइनेंस संस्थान, गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियाँ आदि संस्थानों द्वारा मुद्रा योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

**130. लोकसेवा दिवस किस दिन मनाया जाता है?**
(1) 15 अगस्त (2) 21 अप्रैल
(3) 22 जून (4) 21 सितम्बर **[2]**

**व्याख्या:-**
- भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 21 अप्रैल को लोक सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को उनकी सर्वश्रेष्ठ नागरिक सेवा के लिए पुरस्कृत किया जाता है।

**131. 88वें एकेडमी पुरस्कार हेतु भारत की ऑस्कर जूरी के अध्यक्ष के रूप में किसकी नियुक्ति हुई है-**
(1) गिरीश कनार्ड (2) शबाना आजमी
(3) अनुपम खेर (4) अमोल पालेकर **[4]**

**व्याख्या:-**
- 88वें एकेडमी पुरस्कार हेतु भारत की ऑस्कर ज्यूरी के अध्यक्ष के रूप में अमोल पालेकर की नियुक्ति की गई थी। 92वें ऑस्कर अवॉर्ड (2019) के लिए भारतीय ऑस्कर जूरी की चैयरमेन अपर्णा सेन थी।

**132. भारत के किस राज्य में कुपोषण के शिकार बालकों का प्रतिशत उच्चतम है-**
(1) मध्यप्रदेश (2) राजस्थान



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

(3) झारखंड (4) बिहार **[3]**

**व्याख्या:-**

- क्लिनिकल एन्थ्रोपोमेट्रिक एण्ड बायोमेट्रिक सर्वे (CAB)- भारत में कुपोषण बालकों की संस्था हेतु किया जाने वाला सर्वे जिसमें झारखण्ड कुपोषण के शिकार बालकों की सूची में प्रथम स्थान पर रहा।

**133. टू इयर्स एट मंथस एंड ट्वन्टी-एट नाइट्स के लेखक कौन हैं?**

(1) रस्किन बॉन्ड (2) सलमान रुश्दी
(3) झुम्पा लाहड़ी (4) जयराम नरेश **[2]**

**व्याख्या:-**

- **सलमान रुश्दी-** मिडनाइट चिल्ड्रन, द ग्राउण्ड विनिंग हर फीट, इमेजरी होमलैण्ड, द सेटेनिक वर्सेज।
- **जयराम रमेश-** इंदिरा गाँधी ए लाइफ इन नेचर, कौटिल्य टुडे, टु द ब्रिन्क एण्ड बैंक इण्डियाज 1991 स्टोरी।
- **झुम्पा लाहड़ी-** दी लोलैण्ड, दी नेमसेक
- **रस्किन बॉन्ड-** ए फ्लाइट ऑफ पिजन द रुम ऑन द फ्लोर

**134. हाल ही सम्पन्न हुई हॉकी खिलाड़ियों की HIL नीलामी में सबसे मंहगा भारतीय खिलाड़ी कौन था-**

(1) आकाशदीप सिंह (2) संदीप सिंह
(3) मंदीप सिंह (4) धर्मवीर सिंह **[1]**

**व्याख्या:-**

- हॉकी खिलाड़ियों की HIL नीलामी में सबसे मंहगा भारतीय खिलाड़ी आकाशदीप सिंह था।

**135. 2015 में चिकित्सा क्षेत्र में योगदान के लिए राजस्थान से निम्नलिखित में से किसे पद्म श्री प्रदान किया गया?**

(1) डॉ. अशोक पनगड़िया
(2) डॉ. राजेश कोटेचा
(3) डॉ. के. के. अग्रवाल
(4) डॉ. सुमित्रा रावत **[2]**

**व्याख्या:-**

- वर्ष 2015 में चिकित्सा क्षेत्र में योगदान हेतु राजस्थान के डॉ. राजेश कोटेचा को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया।

**136. किस देश में शिक्षक दिवस को 'हरी गुरु' कहा जाता है?**

(1) भारत (2) नेपाल
(3) थाईलैंड (4) मलेशिया **[4]**

**व्याख्या:-**

- मलेशिया में शिक्षक दिवस को 'हरी गुरु' कहा जाता है।

**137. रणछोड़ भाई रेबारी के बारे में कौन-सा एक सही नहीं है-**

(1) 2013 में उसकी 112 वर्ष की आयु में मृत्यु हुई
(2) उसे राष्ट्रपति पदक प्रदान किया गया
(3) वह भारतीय सेना में सिपाही था
(4) गुजरात के सुई गाँव की अंतर्राष्ट्रीय चौकी का नाम रणछोड़दास चौकी रखा गया है। **[3]**

**व्याख्या:-**

- रणछोड़ भाई रेबारी (रणछोड़दास पागी) भारतीय सेना में सिपाही नहीं थे, बल्कि वे भारतीय सेना के लिए स्काउट/ट्रैकर के रूप में कार्य करते थे। उनकी पदचिह्न पहचानने की असाधारण क्षमता के कारण 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में सेना को महत्वपूर्ण सहायता मिली।

**138. विश्व जनसंख्या दिवस 2015 की निम्नलिखित में से कौन-सी एक विषय-वस्तु है?**

(1) आपातकाल में असुरक्षित (कमजोर) जनसंख्या
(2) जनसंख्या की प्रवृत्ति एवं संबंधित मामलों पर चिन्तन का समय
(3) यौवनोन्मुख गर्भावस्था पर ध्यान
(4) प्रजननीय स्वास्थ्य सेवाओं की सार्वभौमिक पहुँच **[1]**

**व्याख्या:-**

- **विश्व जनसंख्या दिवस- 11 जुलाई**
- **2015 थीम-** आपातकाल में असुरक्षित (कमजोर) जनसंख्या

**Delete**

**139. राजस्थान के किस जिले में एक युद्ध संग्रहालय की स्थापना की गई है जिसका हाल ही में उद्घाटन किया गया था-**

(1) जोधपुर (2) जैसलमेर
(3) बाड़मेर (4) सिरोही **[2]**

**व्याख्या:-**

- युद्ध संग्रहालय की स्थापना राजस्थान के जैसलमेर जिले में की गई है। इसकी देखरेख तथा संचालन भारतीय सेना द्वारा किया जाता है।

**140. सुमेलित कीजिए-**

| **सूची-I** | | **सूची-II** | |
|---|---|---|---|
| **A.** | **11 जुलाई** | **I.** | **विश्व साक्षरता दिवस** |
| **B.** | **12 अगस्त** | **II.** | **राष्ट्रीय खेल दिवस** |
| **C.** | **29 अगस्त** | **III.** | **अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस** |
| **D.** | **8 सितम्बर** | **IV.** | **विश्व जनसंख्या दिवस** |

**कूट-**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | IV | I | II |
| (2) | II | III | I | IV |
| (3) | IV | II | III | I |
| (4) | IV | III | II | I |

**[4]**

**व्याख्या:-**

- **वर्ष के महत्त्वपूर्ण दिवस-**
  (1) 11 जुलाई- विश्व जनसंख्या दिवस
  (2) 12 अगस्त- अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस
  (3) 29 अगस्त- राष्ट्रीय खेल दिवस
  (4) 8 सितम्बर - विश्व साक्षरता दिवस



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213